रोहतक
सोमवार, 17 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 28, अंक : 141
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 45.2
न्यून. 31.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 गंगा दशहरा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ लाखों लोगों ने लगाई डुबकी

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने मणिपुर की स्थिति पर दी शाह को जानकारी राष्ट्रपति से भी की मुलाकात



**नई दिल्ली।** मणिपुर के खराब हालात पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के सार्वजनिक रूप से चिंता जताने के बाद पहला अवसर है जब सूबे की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मौजूदा हालात पर तफ्सील से जानकारी दी। माना जा रहा है गृह मंत्री शीघ्र ही राज्य का दौरा कर दो समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे हिंसात्मक आंदोलन के बीच से शांति का रास्ता निकालने का चौतरफा प्रयास करेंगे। अमित शाह से मुलाकात से पहले मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के सुचारू एवं सफल आयोजन के लिए राष्ट्रपति को बधाई दी। ब्यूरो

### अयोध्या आ रहा देश का सबसे बड़ा धनुष



**अयोध्या।** अयोध्या में देश का सबसे लंबा धनुष और बाण स्थापित होगा। धनुष की लंबाई 33 फीट और वजन 3400 किलो है। धनुष के साथ 3900 किलो का गदा भी लगेगी। गदा और धनुष-बाण पंच धातु से बनाए गए हैं। इसे राजस्थान में सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्रीजी सनातन सेवा संस्थान ने बनवाया है। *एजेंसी*

### डीपफेक के खिलाफ बिल लाने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जनरेट किए गए डीपफेक वीडियो और कंटेंट पर रोक लगाने के लिए मोदी सरकार डिजिटल इंडिया बिल लाने वाली है। सूत्रों के मुताबिक इस विधेयक में एआई टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग और तरीकों पर चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल के लिए विपक्षी दलों का समर्थन लेने की भी कोशिश करेगी। 24 जून से शुरू हो रहे संसद सत्र में इस बिल को सरकार पेश कर सकती है। *एजेंसी*

## जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री ने की बैठक

# आतंकवाद को कुचलें, मददगारों को भी न बख्शें : अमित शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। 29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है। शाह ने एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे कश्मीर घाटी में एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के जरिए हासिल की गई सफलताओं को जम्मू संभाग में भी दोहराएं।

**आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध**

**सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा कहा- अमरनाथ यात्रा रूट पर कड़ी सुरक्षा हो**

**पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई जाए**

**20 जून को श्रीनगर जाएंगे पीएम मोदी**



### 5 लाख तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर जाएंगे

मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है।

### प्रत्येक जानवर के लिए 50 हजार का बीमा कवर

सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50 हजार का बीमा कवर भी होगा। शाह ने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से बेस कैंप तक सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर जोर दिया है।

### यात्रा के लिए 500 कंपनियां तैनात होंगी

अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआईएसएफ समेत केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल की 500 कंपनियों को अमरनाथ यात्रा के रूट पर तैनात किया जाएगा। शाह ने एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे कश्मीर घाटी में एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के जरिए हासिल की गई सफलताओं को जम्मू संभाग में भी दोहराएं।

### 4 दिन में चार आतंकी हमले

आतंकियों ने पिछले चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकी भी मारे गए और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। आतंकियों ने नौ जून को तीर्थयात्रियों की एक बस पर उस समय गोलीबारी की, जब यह शिवखोड़ी मंदिर से कटरा की ओर जा रही थी। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। आतंकियों ने 11 जून को भद्रवाह में राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की थी। आतंकियों ने 12 जून को डोडा जिले के गंडोह क्षेत्र में एक तलाशी दल पर हमला किया था, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित 7 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे।

# शेयर बाजार में रुपये लगाने के नाम पर 73.40 लाख हड़पे

## साइबर ठग ने पहले 10 हजार का बोनस देकर विश्वास में लिया, फिर अलग-अलग खातों में 26 बार नकदी डलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर ऑनलाइन ट्रेडिंग व शेयर बाजार में रुपये लगाने के नाम पर युवक से 73.40 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। साइबर ठग ने पहले 10 हजार का बोनस देकर उन्हें विश्वास में लिया और फिर अलग-अलग खातों में 26 बार में नकदी डलवा ली गई। गोहाना में महम रोड निवासी सौरभ ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि मई में उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो देखा था। जिसमें शेयर मार्किट मे पैसा कमाने का लालच दिया गया था। उन्हें लालच देकर व्हाट्सएप पर एपीपी ग्रुप ज्वाइन करा दिया। उसके बाद कंपनी के व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। वह शेयर मार्केट को लेकर जानकारी देते रहे। एक दिन मैसेज भेजकर कहा कि उनके यहां अपना अकाउंट खुलवाएं। जिस पर उन्होंने अपना पेन नंबर भेजकर केवाईसी करवा दी। उन्होंने उसे फंसाने के लिए 15 मई को उन्हें 10 हजार रुपये का बोनस दिया। वह उनके खोले गए खाते में दिखाई दे रहा था।



### दो बार लोन दिलवाया

सौरभ का आरोप है कि उसके बाद उन्होंने एक हजार रुपये प्रतिमाह के शेयर मार्केट को लेकर जानकारी देने की बात की। उनसे संपर्क करने वाले ने अपनी पहचान सीआईओ जयंत परिमल के रूप में दी। उन्हें कस्टमर केयर नंबर के बारे में भी बताया गया। जिस पर उन्होंने 22 मई को 50 हजार रुपये एक बैंक खाते में डलवाए। फिर लाभ दिखाने के बाद आईपीओ में रुपये डबल होने का लालच देकर उन्हें लोन दिया गया। वह जब रुपये निकलवाने लगे तो सिक्योरिटी जमा करवाने की शर्त रखी गई। उन्हें 28 लाख और 19 लाख रुपये का लोन भी दिया गया। यह राशि एप पर दिखाई दे रही थी। उसके बाद उन्हें निवेश करने को कहा गया। वह उनकी बातों में उलझ गए। 22 मई से 10 जून तक उन्होंने 26 बार में अलग-अलग बैंक खातों में 73.40 लाख रुपये डलवा लिए। ठगी करने वालों के तार दुबई तक जुड़े मिले थे।

### 1930 नंबर डायल कर सूचना दें

साइबर ठग शेयर मार्केट के जरिए कंपनियों में निवेश का झांसा देकर ठगी कर रहे है। किसी तो इस तरह के लालच में नहीं आना चाहिए। किसी के साथ ठगी की कोई वारदात होती है तो तुरंत 1930 नंबर डायल कर सूचना दें। शेयर ट्रेडिंग डिमैट अकाउंट खुलवा कर ही करें।

*- रवींद्र कुमार, पुलिस प्रवक्ता सोनीपत*

### प्रकरण में नया मामला दर्ज

## सलमान गोलीबारी मामले में एक और गिरफ्तारी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी के सिलसिले में एक नया मामला दर्ज किया है और आपराधिक धमकी के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर (25) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि गुर्जर ने कथित तौर पर अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें उसने कहा था, लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और गिरोह के अन्य सदस्य मेरे साथ हैं तथा मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं क्योंकि उसने अभी तक माफी नहीं मांगी है। आरोपी ने राजस्थान में एक राजमार्ग पर वीडियो बनाया और उसे अपने चैनल पर अपलोड कर दिया।



राजस्थान से एक व्यक्ति गिरफ्तार

बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल के रूप में हुई पहचान

### पानी की कमी पर बरपा हंगामा, आरोप प्रत्यारोप तेज

## दिल्ली जल बोर्ड ऑफिस पर पथराव, मटके फेंके

**आतिशी बोलीं भाजपा नेता दफ्तरों पर हमले करवा रहे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट विवाद रविवार को हिंसक हो गया। सैकड़ों की संख्या में आए लोगों ने छतरपुर जल बोर्ड ऑफिस पर पथराव और तोड़फोड़ की। ऑफिस पर मटके फेंके, जिसकी वजह से शीशे टूट गए। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इस घटना पर दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- दक्षिण दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधुड़ी भाजपा के गुंडों को लेकर आए और जल बोर्ड के दफ्तर पर तोड़फोड करवाई। हमने इसका वीडियो दिल्ली पुलिस को भेज दिया है। क्या दिल्ली पुलिस एफआईआर करेगी। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे सप्लाई प्रभावित हो रहा है। भाजपा के नेता टूटी पाइपलाइन के पास कैसे पहुंच जा रहे हैं।

पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा रहे

घटना का वीडियो पुलिस को भेजा




### भाजपा का 14 जगह प्रदर्शन

भाजपा ने दिल्ली में जल संकट को लेकर 14 जगहों पर केजरीवाल सरकार के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन किया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज भी शामिल हुईं। सचदेवा ने कहा- दिल्ली में पानी की कमी के लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह सीएम अरविंद केजरीवाल है। वहीं बांसुरी स्वराज ने कहा- दिल्ली में जल संकट प्राकृतिक समस्या नहीं है।

### पानीपत में बड़ा हादसा

## गंगा दशहरा स्नान करते यमुना में डूबे तीन बच्चे

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** गंगा दशहरे के पावन पर्व पर यमुना नदी में अपने परिजनों के साथ नहाने आई दो लड़किया व एक किशोर की डूबने से मौत हो गई है। दोनों लड़कियां जहां पानीपत के गांव उंटाला की, वही, किशोर पानीपत की जाटल रोड का निवासी था। उत्तर प्रदेश शामली पुलिस के अनुसार रविवार को गंगा दशहरा पर पानीपत के गांव कुराना निवासी 19 वर्षीय आशु पुत्री सुल्तान व उसकी बुआ की लडकी गांव उंटला की निवासी 13 वर्षीय स्नेहा पुत्री सुरेश अपने परिवार के साथ स्नान करने आई थी। वहीं, 14 वर्षीय केशव पुत्र रमेश निवासी जाटल रोड, पानीपत स्नान के लिए यमुना नदी पर उत्तर प्रदेश की ओर पहुंचा था। दोपहर बाद करीब तीन बजे आशु, स्नेहा व केशव स्नान करते समय यमुना नदी के पानी में लापता हो गए। मौके पर तैनात गोताखोरों की टीम ने पानी में छलांग लगाई । घंटों की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने केशव, स्नेहा व आशु के शवों को यमुना नदी से बाहर निकाला।

मृतकों में दो लड़कियां व एक किशोर

गांव उंटाला और जाटल रोड के रहने वाले

### एनटीए में सुधार की जरूरत

## शिक्षा मंत्री प्रधान ने मानी परीक्षा में गड़बड़ी की बात

**संबलपुर (एजेंसी)।** नीट यूजी परीक्षा विवाद को लेकर देशभर में विद्यार्थी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की तरफ से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। एनटीए में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि जो लोग इस धांधली में शामिल होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो कोई बड़ा अधिकारी भी क्यों न हो। शिक्षा मंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में कहा, दो जगहों पर एग्जाम में गड़बड़ियों की बात सामने आई है। मैं छात्रों और अभिभावकों को ये विश्वास दिलाता हूं, कि सरकार इसे गंभीरता से ले रही है। प्रधान ने ये भी कहा कि एनटीए में सुधार की जरूरत है और अगर कोई बड़ा अधिकारी भी किसी प्रकार की धांधली में शामिल है, तो उसे भी बख्शा नहीं जाएगा। गुनाहगारों को कठोर से कठोर दंड मिलेगा।



बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं, एनटीए अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

# चुनाव आयोग ने किया ईवीएम हैकिंग के आरोपों को खारिज

## कहा-ईवीएम किसी ओटीपी से अनलॉक नहीं होती, न किसी डिवाइस से कनेक्ट है

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई पुलिस के शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद एक बार फिर ईवीएम को लेकर घमासान मच गया है। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्षी दल के नेता आमने-सामने आ गए हैं। अब विपक्षी नेताओं के आरोपों पर चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई देते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है और कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। रिटर्निंग ऑफिसर वंदना सूर्यवंशी ने कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ईवीएल डिवाइस किसी से कनेक्ट नहीं रहता।




### यह है मामला

मुंबई पुलिस ने रविवार को शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के साले के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने ये एफआईआर लोकसभा चुनाव की मतगणना वाले दिन गोरेगांव चुनवा सेंटर के अंदर पाबंदी होने के बावजूद मोबाइल का इस्तेमाल करने का आरोप में दर्ज की है। इसके साथ ही पुलिस ने मंगेश पांडिलकर को मोबाइल देने के आरोप में चुनाव आयोग ने एक कर्मचारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। इस मामले को लेकर नॉर्थ पश्चिम सीट से लड़ने वाले कई उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग की तरफ से शिकायतें मिली थीं, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

### एलन मस्क के बयान के बाद बढ़ा विवाद

दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने 15 जून को लिखा कि ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। (संबंधित खबर पेज 7 पर)




TALK TO TOYOTA FOR ENQUIRIES & FEEDBACK CONTACT TOLL FREE NO: 1800-309-0001 DIRECT NO.: +91-80-4505-9000 | Toyota Mobility Service Individual Subscription Corporate Leasing | TOYOTA FINANCIAL SERVICES | Q SERVICE | 24x7 ROADSIDE ASSISTANCE | UNMATCHED WARRANTY* FOR YOUR PEACE OF MIND | TOYOTA U TRUST Buy | Sell | Exchange - Used car | gloss STUDIO

डुअल फ्रंट SRS एयरबैग्स, ABS विद EBD एवं प्रीटैंशनर फोर्स लिमिटर (PTFL) सभी टोयोटा कारों पर स्टैंडर्ड हैं।

| AMBALA | BAHADURGARH | FATEHABAD | HISAR | JIND | KAITHAL | KARNAL | PALWAL | PANIPAT | ROHTAK | SIRSA | YAMUNANAGAR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GLOBE | SATYAM | MALIK | MALIK | GLOBE | GLOBE | GLOBE | THIRTY SIX | GLOBE | SATYAM | MALIK | GLOBE |
| Opp Spring Field School, NH-22 97295 49128, 98076 80680 | A-54 MIE Part B, Opp. Metro Pillar No. 780, Delhi - Rohtak Road 01276-224100, 82959 08030 | Bhuna Mor, NH-10, Hisar-Sirsa Road, Fatehabad. 85728 88830 | 14.5 Mile Stone, NH-65, Chandigarh Road 99967 88826, 99967 88829, 99967 88832 | Rohtak Road, Truck Union Office, Ram Nagar, Jind 97295 49128, 98076 80680 | 3 km Milestone, Kaithal Ambala Road, Kaithal 97295 49128, 98076 80680 | Opp. P T C Madhuban, N.H-1 G T Road 97295 49128, 98076 80680 | Next to Omaxe City, NH 2, Delhi Mathura Road 81999 00186, 81999 00187 | Village Karhans, Tehsil-Samalkha 97295 49128, 98076 80680 | Hisar Road, Nr. Old Banger Flyover, (Beside Old Bus Stand) 01262-243400, 88130 88123 | Near Maharaja Palace, Dabwali Road, Sirsa 85728 88801, 85728 88880, 85728 88881 | Village Mauja Kail, Tehsil Jagadari 97295 49128, 98076 80680 |

* Terms & conditions apply on all schemes & offers. Offer valid till 30th June, 2024. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/Extended Warranty/Other benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Finance at the sole discretion of Financier. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. **Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard Test Conditions. Actual Mileage on road may vary. ^Ex-showroom Price. #Complimentary 3 years /1 00 000 km Manufacturer Warranty + 2 years Extended Warranty. Accessories shown may not be part of standard equipment.

## खबर संक्षेप

### लेन-देन के विवाद में ट्रैक्टर जलाने का आरोप

**बहादुरगढ़।** बादली में लेन-देन के विवाद में ट्रैक्टर जलाने और धमकी देने का मामला सामने आया है। बादली निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वह अपने भाई जगबीर व पिता भरत सिंह के साथ खेत में पानी की पाइपलाइन दबाने के लिए गए थे। इस बीच उनके स्वराज ट्रैक्टर में से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया। पता चला कि उसमें आग लगी हुई थी। तीनों ने ट्रैक्टर की आग को बुझाया। लेकिन इसी बीच उनका पड़ोसी वहां आया और धमकी देते हुए कहा कि तुम्हें जान से मार दूंगे और सारी चीजें जला दूंगा। नरेश के अनुसार उनका 20 लाख रुपए का लेन-देन था। जिसके बदले में उसने 42 लाख 50 हजार रुपए देकर हिसाब चुकता कर दिया था। उन्होंने पड़ोसी पर ही ट्रैक्टर में आग लगाने का संदेह व्यक्त किया। साथ ही प्लॉट से 10 लाख रुपए गायब होने की भी शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 435, 506 व 451 के तहत केस दर्ज किया है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को काबू किया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट विंग के प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि बराही रोड पर एक युवक को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी ली गई तो उसके पास अवैध हथियार मिला। पुलिस ने तुरंत हिमांशु निवासी अशोक विहार को काबू किया और उसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### राजीव कॉलोनी से लापता नाबालिग का सुराग नहीं

**फरीदाबाद।** राजीव कॉलोनी से एक 13 वर्षीय बच्चा 6 जून से लापता है, उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बच्चे के माता-पिता रविवार को पड़ोसियों के साथ मिलकर सेक्टर 58 थाने में पहुंचे। पुलिस पर उनके बच्चे को खोजने में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए। बच्चे के पिता विनोद ने बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा टिंकू शर्मा घर के पास में बने खाटू श्याम मंदिर में 6 जून को खेल रहा था। वहीं से वह गायब हो गया। उसकी शिकायत उन्होंने सेक्टर 58 थाने पुलिस में की है। लेकिन अभी तक पुलिस उनके बेटे का कहीं भी कोई सुराग नहीं लगा पाई।

### मानसिक रूप से परेशान युवक ने किया हमला

**फरीदाबाद।** भूपानी इलाके में मानसिक तौर से बीमार एक व्यक्ति ने एक के बाद एक अपने कई पड़ोसियों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इसमें घायलों को बादशाह खान सिविल अस्पताल में लाया गया। घायल नरेश और नेत्रपाल का इलाज चल रहा है। बता दें की नरेश एक पैर से दिव्यांग है और इस हमले में नरेश की एक 7 साल की बेटी तनीषा को भी चोटें आई है। देर रात जयराम नामक व्यक्ति ने उन पर उस समय हमला कर दिया जब वह लोग अपने घर के बाहर कुर्सियों पर बैठे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री बोले- वन मित्रों की भर्ती की जाएगी, पौधों की देखभाल के लिए मानदेय दिया जाएगा

# पौधों की जियो -टैगिंग करें, 5 साल तक ड्रोन से उनकी ग्रोथ पर नजर रखें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बताया कि जल्द ही वन-मित्र स्कीम के तहत वन-मित्रों की भर्ती की जाएगी जिनको पौधों की देखभाल करने के लिए मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन विभाग द्वारा वन -क्षेत्र में पहले से लगे हुए तथा हर वर्ष पौधारोपण अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की ड्रोन से नियमित मैपिंग की जाए। वन भूमि पर आग लगने पर बुझाने में देरी होने पर फोरेस्ट -गॉर्ड से लेकर उच्चाधिकारी तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में वन एवं वन्य जीव विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्राण वायु देवता स्कीम का ब्रॉशर का विमोचन भी किया।

बैठक में पर्यावरण , वन एवं वन्य जीव राज्यमंत्री संजय सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वन -क्षेत्र से अवैध कटाई को कतई सहन नहीं किया जाएगा , अगर इसमें किसी कर्मचारी की सहभागिता पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रति वर्ष वन विभाग द्वारा बरसात के मौसम में चलाए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान की विस्तार से समीक्षा की और कहा कि इन पौधों की

- वनों में आगजनी के मामलों से निपटने में लापरवाही करने वाले अधिकारी नपेंगे
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वन एवं वन्य जीव विभाग की समीक्षा बैठक
- हर्बल पार्कों पर दस करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

जियो -टैगिंग की जाए तथा ड्रोन की मदद से पांच साल तक उनकी ग्रोथ पर नज़र रखी जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जंगलों में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से जीव जंतु तो मरते ही हैं , करोड़ों रूपये की लकड़ी का नुकसान होता है और प्रदूषण भी फैलता है। उन्होंने कहा कि अगर आगजनी की घटना होने पर आग बुझाने में अनावश्यक देरी हुई तो वन विभाग के फारेस्ट गॉर्ड से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी नपेंगे।




### जंगलों में नहरों व ट्यूबवेल से पानी पहुंचाया जाएं

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेसर , सुल्तानपुर जैसे नेशनल पार्क और अन्य गहरे जंगलों में नहरों या ट्यूबवेल से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाए ताकि ज्यादा गर्मी में वन्य जीवों के लिए यह पानी पीने के काम आ सके और इससे आगजनी की घटना होने पर आग बुझाने में सहयोग मिल सकेगा। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि इस वर्ष 2024 -25 में 150 करोड़ रुपए का बजट पौधारोपण के लिए आवंटित किया गया है जबकि हर्बल पार्क के लिए 10 करोड़ खर्च किये जाएंगे। मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के स्वस्थ पेड़ों की देखभाल करने वालों को राज्य सरकार द्वारा प्राण वायु देवता स्कीम के तहत 2750 रूपये प्रति वर्ष पेंशन देने की योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत अभी तक 3819 पौधों की पहचान की गई है। इस अवसर पर पर्यावरण , वन एवं वन्य जीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती के अलावा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गैंगमेट से मारपीट पैरों पर फेंका गरम तारकोल, केस दर्ज

**कैथल।** कैथल थाना शहर पुलिस ने लोक निर्माण विभाग के गैंगमेट पर विभाग के जेई और वर्क सुपरवाइजर द्वारा मारपीट करने तथा गरम तारकोल फेंक कर उसके पैर जलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पवन पाल सिंह निवासी रामनगर भूना ने थाना शहर पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह विभाग में गैंगमेट के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि सीवन गेट कैथल से परशुराम चौक तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है।

- लोक निर्माण विभाग के जेई और वर्क सुपरवाइजर पर आरोप

### ये था मामला

15 जून को जब वह परशुराम चौक पुलिस नाके पर अन्य कर्मचारी सड़क बना रहे थे तो वहां पर विभाग का कनिष्ठ अभियंता रामनिवास और वर्क सुपरवाइजर शमशेर सिंह भी थे। उसने उन्हें कहा कि सड़क निर्माण सामान की क्वालिटी सही नहीं है। इतना सुनते ही रामनिवास जेई तथा वर्क सुपरवाइजर ने उसके साथ मारपीट की।

### अस्पताल में उपचाराधीन

यहीं नहीं शमशेर सुपरवाइजर ने साइड में रखा गम तारकोल उसके पांव पर फेंक दिया जिस कारण उसके दोनों पांव जल गए। उसे कैथल के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल बलजोर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## निकाय चुनाव को टाल रही सरकार : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की विजयी सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार चुनाव के नाम पर डरी हुई, निकाय चुनाव पिछले तीन वर्षों से टाले जा रहे हैं, लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद से भाजपा के पैरों तले की जमीन ही खिसक गई है, अब वह कोई न कोई बहाना बनाकर इन चुनाव को विधानसभा चुनाव से पहले करवाने में कतरा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि तुरंत निकाय चुनाव करवाएं और राजीव गांधी द्वारा लाए गए पंचायती राज बिल के अनुसार नगरों का विकास शहरों के हवाले करें। सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कई निकाय ऐसे है, जिनका कार्यकाल खत्म हुए कई साल गुजर चुके है। इतना ही नहीं हरियाणा के चुनाव आयुक्त की ओर से इस बारे में 31 मई 2024 को प्रदेश सरकार को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया।

## हुक्का बारों पर पुलिस का शिकंजा



पंचकूला। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने हुक्का बारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह के नेतृत्व में दो टीमों 17 हुक्का बारों में सर्च अभियान चलाया

## शिक्षकों के तबादले तुरंत करे सरकार

**चंडीगढ़।** शिक्षक तबादला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि अब ट्रांसफर नहीं किए गए तो ना केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी बल्कि शिक्षा विभाग में सारी व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव होगा। संघर्ष समिति राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण और राज्य महासचिव रामनिवास संगोही, प्रदेश प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल आंकड़ों सहित अधिकारियों को इस बारे में लिखा है। अभी लोकसभा चुनाव से पहले अंतर जिला तबादले जेबीटी शिक्षकों के किए गए थे। जिसमें 2004 वर्ष के जेबीटी 400 इसी तरह से 2008 में लगे 61 व 2011 के जेबीटी 1103, जबकि 2017 के 9190 जेबीटी का अंतरजिला तबादले हुआ था। जिसके कारण कई स्कूलों में जरूरत से अधिक संख्या में शिक्षक हो गए हैं। दूसरी ओर सारे स्कूल शिक्षक रहित ही हो गए।परिणाम स्वरूप प्रदेश भर के ट्रांसफर हुए जेबीटी के साठ प्रतिशत का वेतन कई महीनों से अटका पड़ा है। अन्य भी कई तरह की समस्याएं सामने आ रहीं है, जिसमें एचआरएमएस पर पद दिखाई नहीं दे रहे।यह सभी 10854 टीचर अस्थाई स्टेशनों पर हैं। इससे पहले भी अंतरजिला तबादलों में 2576 शिक्षक गए थे, जो भी अस्थाई स्टेशनों पर तैनात हैं। अतः कुल मिलाकर 13430 जेबीटी अस्थाई स्टेशनों पर बैठे हुए हैं। यह मामला तब तक नहीं सुलझेगा जब तक कि ट्रांसफर नहीं कर दिए जाएंगे । जेबीटी के ट्रांसफर अभी तक केवल एक बार 2016 में ही हुए हैं। उस वक्त भी बहुत सारे प्रभावित हुए थे,जिनको आठ साल बाद तक राहत नहीं मिली। इस बीच जेबीटी की टीजीटी इंग्लिश पर प्रमोशन हो चुकी है जो कि दो सौ के लगभग है।

- कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी, गुणवत्ता को रही प्रभावित

## वाहन में ब्लैक फिल्म लगाने पर 62 का चालान

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस ने विशेष अभियान के तहत ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाने वाले 62 चालकों के चालान काटे गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, मार्किट, पार्क इत्यादि स्थानों पर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे जा रहे हैं। पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा गाड़ियों पर ब्लैक फल्मि लगाकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया जिसमें ट्रैफिक पुलिस द्वारा 62 चालान कर 620000 रुपये का जुर्माना लगाया लगाया है। इसके साथ ही संदिग्ध वाहनों को विशेष तौर पर चेक किया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके चालान काटे गए।




## खरीद कर पीना पड़ रहा पानी, जाम लगाया

**फरीदाबाद।** पेयजल समस्या से त्रस्त लोगों ने रविवार बल्लभगढ़-सोहना रोड पर संजय कॉलोनी पुलिस चौकी के सामने जाम लगा दिया। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में औद्योगिक नगरी पेयजल संकट से त्रस्त हो रहा है। खासकर बड़खल विधानसभा, एनआईटी विधानसभा व बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र। इन इलाकों के लोग मजबूरन पानी के टैंकरों से महंगे दामों पर न केवल पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें मूलभूत सुविधाओं में इस्तेमाल करने के लिए भी पानी खरीद कर ही इस्तेमाल करना पड़ रहा है। संजय कॉलोनी गली नंबर 31 के लोग पिछले दो महीने से पानी न आने की समस्या से जूझ रहे हैं इसके बाद लोग नाराज होकर आज उन्होंने संजय कॉलोनी चौकी के रोड को जाम कर प्रशासन से पानी देने की मांग की।




## यूपीएससी की परीक्षा को लेकर रही कड़ी सुरक्षा

**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने यूपीएससी, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। आयोग का पहला चरण प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 2.30 बजे से सायं 4.30 बजे आयोजित किया गया। जिला फरीदाबाद में 59 केन्द्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई परीक्षा। यूपीएससी द्वारा सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी लिखित परीक्षा के प्रथम सत्र में कुल 21 हजार 504 परीक्षार्थियों में से 12 हजार 583 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 8 हजार 921 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरे सत्र की परीक्षा में 12 हजार 503 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 09 हजार एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



# विस चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा ग्राउंड लेवल तक काम में जुटेंगे कार्यकर्ता

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे में पांच लोकसभा की सीटें हाथ से निकल जाने के कारण चिंतित भाजपा के सियासी दिग्गजों ने अभी से डैमेज कंट्रोल की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं प्रदेश की जनता की नाराजगी दूर करने के लिए सौगातों का सिलसिला भी शुरु हो चुका है, ताकि विधानसभा चुनावों से पहले पहले एक बार फिर लोगों को भाजपा की पैरवी के लिए तैयार किया जा सके। इस क्रम में मुख्यमंत्री नायब की सरकार लगातार लोगों को राहत देने की मुहिम चला रही है, राज्य में कलेक्टर रेट बढ़ाए जाने के प्रस्तावों को ठंडे बस्ते में डालने के साथ-साथ बिजली की दरों को लेकर राहत दी गई है। इसके अलावा नगर निकायों में होने वाली दिक्कतों को दूर करने की कवायद चल रही है, प्रापर्टी आईडी और पीपीपी को लेकर शिकायतों को दूर करने के लिए अधिकारियों को समाधान शिविर के माध्यम से तुरंत निस्तारण के लिए कहा गया है।

बहरहाल, पूर्व सीएम मनोहरलाल लोकसभा करनाल में फतेह पाने के बाद अब बतौर केंद्रीय मंत्री भले ही कमान संभाल चुके हैं लेकिन वे हरियाणा को लेकर भी बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। एक दिन पहले राजधानी चंडीगढ़ पहुंचे पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने राजधानी चंडीगढ़ स्थित सीएम के सरकारी आवास पर वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने तमाम फीडबैक के बाद में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अभी से जुट जाने को कहा है। राज्य के सीएम और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी उठा रहे नायब सिंह सैनी से विचार विमर्श के बाद में अब जल्द ही राज्य की अफसरशाही में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में हैं। आने वाले वक्त में हरियाणा का विधानसभा चुनाव होना है, इसलिए एक बार फिर से पार्टी के समर्पित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को फील्ड में उतरना होगा, उसको लेकर भी रणनीति तैयार हो रही है। भाजपा में भी लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण पर भी पार्टी नेता सवाल उठा रहे है। सरकार में मंत्री विशंभर वाल्मीकि ने तो यहां तक कहा कि भाजपा से प्रत्याशियों के चयन बड़ी भारी गड़बड़ी हुई है। लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस सीटों पर भाजपा का वोट फीसदी 10 तक घट चुका है। जो भाजपा के लिए लिए अच्छे संकेत नहीं है, क्योंकि चुनाव में सिर्फ चार महीने का वक्त रह गया है।

### कांग्रेसी नेता उत्साहित, लेकिन गुटबाजी कम नहीं

पांच सीटों पर फतेह पाने के बाद से चार सांसद नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खेमे में नजर आ रहे हैं। विधायक दल की बैठक और अगले दिन भी दौरान भी चारों सांसद नजर आए लेकिन हुड्डा गुट के इस कार्यक्रम, पीसी आदि से सिरसा सीट से भारी मतों से जीती सांसद सैलजा और कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी, उनकी बेटी पूर्व सांसद किरण चौधरी, वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दूरी बनाकर रखी। भले ही कांग्रेसी नेता पांच सीटों के जीतने पर उत्साहित हैं लेकिन गुटबाजी और धड़ेबंदी उनके लिए विधानसभा चुनावों में बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। वहीं सैलजा, किरण चौधरी और रणदीप सुरजेवाला भी मुखर है। किरण चौधरी, रणदीप सिंह सुरजेवाला और सैलजा गुट को अलग ही गिना जा रहा है, आने वाले वक्त में होने वाले विधानसभा चुनावों में यह गुट अलग ही रणनीति बनाकर काम कर रहा है, अब देखना यह है कि कांग्रेस का हाईकमान विस चुनावों से पहले पहले इन्हें एक मंच पर ला पाता है या नहीं।

# कुरुक्षेत्र धर्म और न्याय का क्षेत्र , विधान सभा की लड़ाई यहीं से शुरू करेंगे : हुड्डा

## नेता प्रतिपक्ष ने कुरुक्षेत्र में कार्यकर्ताओं में जोश भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

लोकसभा चुनाव नतीजों में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन से उत्साहित और जोश में भरे कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधानसभा चुनाव के लिये मंत्र देते हुए कहा कि अब हरियाणा की बारी है हमारी पूरी तैयारी है। उन्होंने चुनाव में दिन-रात लगकर कड़ी मेहनत करने के लिये कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। हुड्डा ने कहा कि इस चुनाव में हरियाणा का चुनाव नतीजा काफी बेहतर रहा है। अभी तो ये शुरुआत है असली लड़ाई तो आगे है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि लक्ष्य पूरा होने तक न रुकना है, न झुकना है सिर्फ बढ़ते जाना है। कुरुक्षेत्र के ये इलाका धर्म क्षेत्र है, न्याय का क्षेत्र है। विधान सभा की लड़ाई यहीं से शुरू होगी। नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को 2 काम करने को कहा पहला - भाजपा सरकार के 10 साल की विफलताओं, झूठे वायदों, झूठे काम, भ्रष्टाचार को घर घर तक पहुंचाना है और सवाल पूछना है कि 10 साल में इस सरकार ने क्या किया। दूसरा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 10 साल के काम को घर-घर तक पहुंचाना है और आगे क्या करेंगे इस बात को बताना है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले तक जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून-व्यवस्था, खेल-खिलाड़ियों, नौकरी देने में नंबर 1 पर था। वो आज रिकार्ड बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था चौपट होने में नंबर 1 पर है। खुलेआम फिरौतियां मांगी जा रही है आज हरियाणा में कोई भी वर्ग अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।




कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता।

### प्रदेश में दो लाख से ज्यादा पद खाली

कौशल रोजगार निगम की कच्ची नौकरियों में न तो कोई मेरिट है न रिजर्वेशन है, न पक्की नौकरी न पेंशन है। ये भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। इसी का नतीजा है कि आज हरियाणा में दो लाख पक्की नौकरियां खाली पड़ी हैं। अस्पताल में डॉक्टर नहीं, स्कूल में मास्टर नहीं तो दफ्तर में कर्मचारी नहीं है। पूरी दुनिया में नाम रोशन करने वाली पहलवान बेटियों को जंतर-मंतर पर घसीटा गया। उनको आज तक न्याय नहीं मिला। भाजपा ने किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वायदा किया लेकिन आमदनी दोगुनी करने की बजाय लागत दोगुनी कर दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी के संकल्पों को दोहराते हुए कहा कि 2 महीने बाद विधानसभा चुनाव होंगे और कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन 6000 रुपये महीना करेंगे। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़के पर नुकीले हथियार से हमला

**यमुनानगर।** शहर के कन्हैया साहब चौक के पास देवीलाल मार्केट में आधा दर्जन युवकों ने रंजिश के चलते गांव ससौली निवासी 17 वर्षीय कुंवर पर नुकीले हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बहनोई बनकर युवक को लगाई 40 हजार की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाज ने फोन पर युवक का बहनोई बताकर युवक को 40 हजार रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के कन्नौज निवासी रोहित कुमार ने कहा कि वह गुरुग्राम के बेगमपुर खटौला गांव में किराए पर रहता है। उसके पास बीती 7 जून को एक कॉल आई। जिसमें फोन करने वाले ने खुद को रोहित का बहनोई बताया, जिसकी आवाज भी उसके जीजा से मिल रही थी।

### महिला चिकित्सक व उसके भाई से मारपीट

**गुरुग्राम।** भोंडसी एरिया में घर में घुसकर महिला चिकित्सक व उसके भाई के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शोर मचाने पर लोगों ने युवक को पकड़ लिया। जबकि उसके साथ मरीज बनकर आई महिला फरार हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भोंडसी की आरबीएसएम कॉलोनी में रहने वाली चिकित्सक नीलम शर्मा ने कहा कि वह अपने छोटे भाई आर्यन के साथ बीती रात घर में थी।

### मारपीट कर हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर एरिया में गांजा लेने पहुंचे युवक से मारपीट कर हत्या करने के मामले में फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी सगे भाई हैं और कासन गांव में रहते हैं। पुलिस आगामी कार्रवाई के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करेगी।



### अवैध पिस्तौल सहित पांच गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पालम विहार क्राइम ब्रांच ने अवैध पस्टिल सहित पांच युवकों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से 1 अवैध पस्टिल 4 जिंदा कारतूस व एक कार बरामद कर डीएलएफ सेक्टर-29 थाना में केस दर्ज करा कार्रवाई शुरु कर दी है। दरअसल, पालम विहार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि लेजरवैली पार्क के निकट कुछ युवक हथियार लेकर वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश मारते हुए कार में सवार पांच युवकों को धर-दबोचा। आरोपियों से 1 अवैध पस्टिल व चार जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## ड्रेन सीवरेज में छिपा था, 45 मिनट में रेस्क्यू

# पानीपत में वन विभाग की टीम ने आमदखोर तेंदुआ पकड़ा

- तेंदुए ने 9 जून को गांव नवादा के सामने यूपी के एरिया में खेतों में एक बच्ची को मार डाला था
- जंगलों में ड्रोन की मदद से उसे लगातार ढूंढने की कोशिश की गई, रविवार को काबू में आया
- रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम रोहतक ले गई



**पानीपत।** वन विभाग की टीम आदमखोर तेंदुआ को पकड़ते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की ड्रेन नंबर दो के किनारे बसे गांव भैंसवाल .गांव के पास रविवार दोपहर को आदमखोर तेंदुआ पकड़ लिया गया। लोगों ने इसे सुबह खेतों में देखा था। इसके बाद वह ड्रोन सीवरेज में छिप गया। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। वहीं, रोहतक से पहुंची टीम ने 45 मिनट उसे रेस्क्यू कर लिया। अब उसे रोहतक ले गए हैं। इसी तेंदुए ने 9 जून को हरियाणा के गांव नवादा के सामने यूपी के एरिया में खेतों में एक बच्ची को मार डाला था। जिसके बाद लोग दहशत में थे। इस तेंदुए को वन विभाग और पुलिस की टीमें तीन दिन से तलाश कर रही थी। जंगलों में ड्रोन की मदद से उसे लगातार ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन वह ड्रोन में कैद नहीं हो पाया। इसी बीच रविवार को तेंदुआ स्थानीय ग्रामीणों के कैमरों में कैद हो गया। इधर, करीब 20 मीटर दूरी से लोगों ने उसे अपने मोबाइल के कैमरों में कैद किया। इसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचित किया। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने वन्य जीव विभाग को बताया कि तेंदुआ ड्रेन नंबर दो की सीवरेज के भीतर घुसा है। सूचना पर दूसरी ओर तलाश कर रही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद उसका रेस्क्यू शुरू किया। रोहतक से टीम बुलाई गई। टीम ने ड्रेन को दोनों ओर से बंद कर दिया। सुरक्षा के लिए क्षेत्र को खाली करवाया गया। पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की भीड़ को दूसरी ओर भेजा गया। टीम ने यहां सभी को बिल्कुल चुप रहने को कहा है। ताकि तेंदुआ बिफरे न और उसे ठीक से पकड़ा जा सके। इस बीच टीम ने ट्रेंकुलाइजर गन से तीन इंजेक्शन तेंदुए को लगाए। जिससे तेंदुआ बेहोश हो गया। उसके बेहोश होने पर दो कर्मचारी सीवरेज के अंदर गए और उसे घसीट कर बाहर लाए। इसके बाद तेंदुआ को पिंजरे में बंद कर रोहतक ले जाया गया। स्मरणीय है कि इस तेंदुआ ने नौ जून को हरियाणा के गांव नवादा के सामने यूपी के एरिया में यमुना किनारे खेतों में एक बच्ची को मार डाला था। इस घटना के बाद यूपी के शामली व व पानीपत के यमुना के खादर में बसे गांव के ग्रामीण दहशत में थे।

## अवैध शराब से भरा टैम्पो सहित दो काबू

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने अवैध शराब से भरा टैंपो सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 150 पेटी अवैध देशी शराब, 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर उनके खिलाफ राजेंद्रा पार्क थाना में केस दर्ज कर किया है। दरअसल, सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि गांव धनकोट के निकट नहर के पास भारी मात्रा में अवैध शराब की खेंप लाई जा रही है। जिस पर टीम ने मौके पर दबिश मारते हुए लोडिंग टैम्पो में सवार दो युवकों को अवैध शराब सहित काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान गांव दौलताबाद के मनोज कश्यप व रोहित कश्यप के रूप में हुई।

## गाड़ी से सामान गबन करने का आरोपी चालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** क्राइम ब्रांच ने कंपनी की गाड़ी से सामान गबन करने के आरोपी चालक को झज्जर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश करेगी। दरअसल, फर्रु खनगर थाना पुलिस में एक कंपनी के अधिकारी ने शिकायत दी थी कि उनकी कंपनी की गाड़ी से 13 जून को चालक ने सामान का गबन कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में मानेसर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को झज्जर से काबू कर लिया।

## राई की सांवरिया कंपनी में 28 मई को लगी थी आग

# एक और श्रमिक की हुई मौत, 14 गवां चुके हैं जान

- तीन फैक्ट्री मालिकों की भी हो चुकी है मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसआईआईडीसी, राई स्थित रबड़ बेल्ट फैक्ट्री में लगी आग में झुलसे एक और श्रमिक ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। हादसे में अब तीन फैक्ट्री मालिकों समेत 14 लोगों की जान जा चुकी है।

राई औद्योगिक क्षेत्र में 28 मई को सांवरिया एक्सपोर्ट कंपनी में आग लग गई थी। इसमें फैन बेल्ट बनाने का काम होता था। फैक्टरी कर्मी व अन्य अधिकारी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे कि अन्य फैक्ट्री मालिक व श्रमिक भी मदद को मौके पर पहुंच गए थे। इसी दौरान अचानक हुए ब्लास्ट में कई लोग झुलस गए थे। फैक्ट्री में आग लगने से झुलसे श्रमिक करनाल के ताल मोहल्ला निवासी गोपाल ने भी रविवार को दम तोड़ दिया। वह पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन थे। उनके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। फैक्ट्री में लगी आग 14 लोगों की जिंदगी लील चुकी है।

**इनकी गई जानः** मदद को पहुंचे राई औद्योगिक क्षेत्र के फैक्ट्री संचालक दिल्ली के प्रीतमपुरा निवासी राहुल जैन व राई इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (रीमा) के प्रधान राकेश देवगन, फैक्टरी मालिक के भतीजे अंशुल अग्रवाल गांव चठिया छिज्जू के ओमेंद्र (50), आजमगढ़ के रामचंद्र, अमेठी के गांव दही पुरवा निवासी दिनेश, अमेठी के गांव केवलापुर वीरेंद्र, पवन (33), जितेंद्र, अमित, उमेश, जिला लखीमपुर खीरी के गांव राजेपुर निवासी सुनील, बदायूं के राजेश की मौत हो चुकी है। मामले में राई थाना पुलिस आरोपी फैक्टरी मालिक दुलीचंद को जांच में शामिजल कर चुकी है।

### एसडीएम की टीम कर रही जांच

फैक्ट्री मामले में आग लगने की जांच एसडीएम अमित कुमार की टीम कर रही है। टीम का कहना हैं कि जांच रिपोर्ट को जल्द उपायुक्त को सौंप दिया जाएगा। फैक्टरी महज 312 मीटर में चल रही थी। साथ ही उसे पूरी तरह कवर किया गया था। जिसमें टीम ने कई तथ्यों की जांच की है।

### जांच जारी

फैक्ट्री में लगी आग में 14 लोगों की जान जा चुकी है। मामले में गहनता से जांच जारी है। -योगेश खत्री, जांच अधिकारी, थाना राई

## फैक्ट्री में काम करते समय मशीन की चपेट में आने से मजदूर का कटा हाथ

- फैक्ट्री संचालक व एक अन्य कर्मचारी पर लापरवाही बरतने के आरोप में किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की मुखर्जी पार्क स्थित फैक्टरी में काम करते समय एक मजदूर का हाथ मशीन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से जख्मी हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। खून न रूकने के कारण डॉक्टरों को मजदूर का हाथ काटना पड़ा। मजदूर का आरोप है कि फैक्टरी में ही काम करने वाले कर्मचारी शिवा ने बिना कोई सूचना के मशीन का बटन दबा दिया और यह हादसा हो गया। यह सब फैक्टरी संचालक की लापरवाही से हुआ है। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मायापुरी बैंक कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय विपिन कुमार ने थाना शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मुखर्जी पार्क स्थित एसएक्स स्केयर कंपनी में काम करता है। गत आठ जून को वह फैक्टरी में काम कर रहा था। जब वह मशीन पर काम कर रहा था तो वहां काम करने वाले शिवा ने बिना कोई सूचना दिए ही मशीन का बटन दबा दिया। जिससे मशीन अचानक चल पड़ी और उसका हाथ मशीन में फंस गया। उसने शोर मचाया तो वहां काम कर रहे अन्य लोगों ने उसे बड़ी मुश्किल से बाहर खींचा। इस हादसे में उसका हाथ व बाजू बुरी तरह से जख्मी हो गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसका हाथ काट दिया। हाथ कट जाने के कारण अब वह कोई काम भी नहीं कर सकेगा।



**चरखी दादरी।** वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट मोहित को बैज लगाते परिजन। फोटो : हरिभूमि

## चरखी दादरी: रावलधी के लेफ्टिनेंट मोहित वायु सेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर

**चरखी दादरी।** गांव रावलधी निवासी राजपाल के पुत्र मोहित कुमार हाल ही में भारतीय वायुसेना में स्थायी कमीशन प्राप्त कर बतौर फ्लाइंग ऑफिसर (फाइटर पायलट) चयनित हुए हैं। कमीशन प्राप्त करने पर लोगों ने परिजनों को बधाई देते हुए मोहित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि बचपन से ही मोहित का सपना राष्ट्ररक्षा के क्षेत्र में जाने का रहा, जिसे आखिरकार कड़ी मेहतन के उपरांत होनहार ने पूरा किया। मोहित के दादा बनवारी लाल ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल रेवाड़ी में काफी उच्च अंकों साथ उत्तीर्ण की। इसके उपरांत सपने को पूरा करने के लिए पहले ही प्रयास में सफल होकर एनडीए की परीक्षा पास की। तीन साल तक एनडीए खड़कवासला पुणे में प्रशिक्षण हासिल किया। इसके उपरांत भारतीय वायुसेना अकादमी डुंडीगल हैदराबाद में एक साल के कडे प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया। मोहित की ऑल इंडिया रैंक सातवीं रही।

## लाखों रुपये के गबन में सस्पेंड ग्राम सचिव जय सिंह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आर्थिक अपराध शाखा सिरसा पुलिस ने सस्पेंड ग्राम सचिव जय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर गांवों की शामलात भूमि की पट्टा राशि के गबन का आरोप है। ग्राम सचिव जय सिंह निवासी भरोखां के खिलाफ 15 फरवरी 2024 को थाना बडागुढ़ा में मामला दर्ज किया गया था। पंचायत विभाग द्वारा उसे सस्पेंड कर दिया गया था। उस पर आरोप है कि उसने गांव पक्का शहीदां, गांव कमाल व गांव रोहण की शामलात भूमि के पट्टा नीलामी राशि में गबन किया। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा सिरसा को सौंपी गई थी। इकोनोमिक सैल ने मामले की छानबीन कर आरोपी ग्राम सचिव को गिरफ्तार किया। ग्राम सचिव जय सिंह पर 24 लाख 71 हजार 700 रुपये के गबन का आरोप है। जय सिंह बारे गठित की गई जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में गांव कमाल में 10 लाख 10 हजार रुपये, गांव पक्कां शहीदां में 13 लाख और गांव रोहण में एक लाख 59 हजार रुपये के गबन जताया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बडागुढ़ा की शिकायत पर बडागुढ़ा पुलिस ने जय सिंह के खिलाफ भादंसं. की धारा 409 के तहत मामला दर्ज किया था।



## दो पशुतस्करों को गिरफ्तार कर मुक्त करवाए 60 मवेशी

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव मिल्क माजरा के पास से मवेशियों को वध के लिए यूपी लेकर कर रहे पशु तस्करों से 60 मवेशियों को मुक्त करवाया। पुलिस ने मौके से दो आरोपी पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव अंटावा निवासी मुकेश बावा ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि कुछ पशु तस्कर मवेशियों को ट्रक में भरकर वध के लिए यूपी लेकर जा रहे हैं। उसने मामले की सूचना थाना छप्पर पुलिस को दी। पुलिस ने गांव मिल्क माजरा के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी।

## गुरुग्रामः कंपनी कर्मी से 42 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने फोन पर कंपनी कर्मी का साथी बताकर उससे 42 हजार 581 रुपए ठग लिए। कंपनी कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के अयोध्या निवासी दान बहादुर यादव ने कहा कि वह गुरुग्राम के भांगरौला में किराए पर रहता है और आईएमटी मानेसर स्थित कंपनी में नौकरी करता है। उनकी कंपनी में सचिन नामक युवक भी काम करता था। बीती 12 जून की सांय उसके पास एक कॉल आई। जिसमें कॉल करने वाले खुद को सचिन बताते हुए कहा कि उसके किसी कंपनी में रुपए फंस गए हैं और उसके पास रुपए नहीं आ रहे हैं। बहादुर के नंबर पर भिजवा रहा है। दान बहादुर के पास उसके अकाउंट में 55 हजार 100 ररुपए जमा होने है।

## एएलएम ठीक कर रहा था लाइन युवक ने उठा दिया हैंडल, करंट से नीचे गिरा

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली की तार ठीक करते समय एक युवक ने पीछे से ट्रांसफार्मर की लाइन उठा दी। इस बीच, करंट लगने से तार ठीक कर रहा एएलएम नीचे जमीन पर आ गिरा। उसकी टांग व बाजू पर चोटें आई है। घायल को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने घायल बिजली कर्मी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला सिरसा के गांव नाथू श्री कलां के मेनपाल ने बताया कि वह बिजली निगम में असस्टिंट लाइन मैन के पद पर माडल टाउन अंबाला शहर में तैनात है। वह जेई राजद्रिं कुमार के अधीन काम करता है। शुक्रवार दोपहर बाद साढ़े 3 बजे वे अपने साथी एएलएम वक्रिम, मनदीप, सोहन लाल, अंकुश, संजीत व लाइन मैन सतीश कुमार के साथ पुलिस लाइन के पास मथूरा ऐनक्लेव के पास गली में लटकी हुई बिजली की तारों पर लकड़ी की फट्टी लगा रहा था। इससे पहले उन्होंने ट्रासफार्मर से लाइन काट दी थी। मेनपाल ने बताया कि वह गली में सीढ़ी लगा बिजली की तारों में फट्टी लगा रहा था। उसके 2 अन्य साथियों ने सीढ़ी पकड़ी हुई थी। बाकी कर्मचारी बिजली का तारों पर लटकी पेड़ की टाहनियों को काट रहे थे। इस बीच, एक बाइक पर एक युवक आया। युवक ने उसने ट्रासफार्मर से कट्टी हुई लाइन को बिना किसी से पूछे व बिना किसी अनुमति के चालू कर दिया।

## कर्मचारी ने मिलकर फैक्ट्री संचालकों पर किया जानलेवा हमला

**यमुनानगर।** काम से निकाले जाने पर कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फैक्टरी संचालकों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस तीन आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-17 थाना हुडा पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-18 निवासी शरद त्यागी ने बताया कि उसका खुद का बिजनेस है। उसने पार्टनरशिप में प्रशांत पाठक के साथ सरूति इंडस्ट्री के नाम से पांसरा गांव में फैक्टरी लगाई हुई है। फैक्टरी में जोगिंद्र नगर निवासी आकाश राणा काम करता है।

## हिसारः पत्नी व साले पर प्रताड़ना का आरोप

# व्यक्ति ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

- पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



पत्नी सहित कई अन्य पर केस दर्ज किया, जांच जारी

शहर की चन्द्रलोक कॉलानी में रहने वाले एक व्यक्ति ने पत्नी व साले पर प्रताड़ना का आरोपे लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव सीआरएम लॉ कॉलेजे की दीवार के पास पेड़ से लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लगभग 48 वर्षीय शमशेर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए अपनी पत्नी व उसके भाई को जिम्मेदार बताया है। आजाद नगर पुलिस ने मृतक के बेटे नवरत्न के बयान पर पत्नी शीला व उसके भाई सहित अन्य पर केस दर्ज किया है। चंद्रलोक कॉलोनी निवासी नवरत्न ने बताया कि हम तीन भाई-बहन हैं। उनका परिवार 8-10 साल से हिसार की चंद्रलोक कॉलोनी में किराए पर रहता है। उसकी मां ऋषि नगर में एकेडमी में प्राइवेट नौकरी करती है जबकि वह खुद राजगुरू मार्केट कपड़े की दुकान पर काम करता है। पिता शमशेर नशा करने का आदी था। पिता हर रोज उसकी मां से नशा करने के लिए पैसे मांगता था। कभी कभी पीछे से घर मे अलमारी से रुपए निकाल लेता। इससे पति-पत्नी में झगड़ा रहता था। नवरत्न ने बताया कि 15 जून को वह काम पर गया हुआ था। बीती रात को 9 बजे वापस आया तो उसकी मां ने कहा कि तुम्हारे पिता उससे झगड़ा करके बाहर चले गए हैं। पिता ने फोन करके कहा है कि वह अब घर नहीं आएगा। उसने कहा कि रात 10 बजे उसने पिता को फोन मिलाया, लेकिन पिता ने फोन नहीं उठाया। उन्होंने सोचा कि देर रात तक पिता घर आ जाएंगे क्योंकि अक्सर झगड़ा करने के बाद वे बाहर चले जाते थे और देर रात तक वापस आ जाते थे। नवरत्न ने बताया कि सुबह पुलिस का उनके पास फोन आया। उनको बताया कि राजगढ़ रोड पर नहर के पास छज्जू राम कॉलेज की दीवार के नजदीक पेड़ से शमशेर ने खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या की हुई है।

## खेती-बाड़ी


## किसान ने परंपरागत खेती को बदलकर आमदनी को कई गुना बढ़ाया

# गोल्डन लहसुन की खेती में 6 लाख की कमाई कर रहा है भूथनखुर्द का युवा किसान रवि

- गोल्डन लहसुन का बीज किया तैयार, अब एक हजार रुपये प्रति किलो बेचा

दलबीर सिंह ▶▶| भूना (फतेहाबाद)

जिले के भूथनखुर्द के एक युवा किसान ने परंपरागत खेती को बदलकर आमदनी को कई गुना ज्यादा बढ़ा लिया है। इसके लिए किसान ने खेती करने की विधि का नया तरीका अपना कर प्रति एकड़ 5 लाख से अधिक की जी-वन तथा गोल्डन गारलिक लहसुन की पैदावार ले रहा है। इसके अतिरिक्त किसान ने अपने खेत का बीज तैयार करके मोटा मुनाफा कमाया है, जो दूसरे किसानों के लिए खेती की पढ़ाई में परिपूर्ण रवि पूनिया प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। किसान राजनीतिक विज्ञान से एमए करने के बाद से खेती कर रहे हैं।



**भूना।** भूथनखुर्द गांव के युवा किसान रवि पूनिया गोल्डन गारालिक व जी-वन लहसुन का बीज दिखाते हुए।

### जी-वन किस्म का भाव 250-400 प्रति किलो

किसान आम खेती को छोड़कर दूसरी खेती की विधि को अपनाए तो आर्थिक रूप से संपन्न हो सकते हैं। लहसुन की जी-वन तथा गोल्डन गारलिक किस्म की पैदावार किसानों की किस्मत को चमका सकती है। गोल्डन गारलिक लहसुन लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है। किसान ने बताया कि प्रत्येक लहसुन का वजन 250 ग्राम सामान्य से लेकर 800 ग्राम तक चला जाता है, जबकि आम देसी लहसुन से वजन के मुकाबले में वजनदार होता है और कालियां प्रति लहसुन 5 से 7 ही निकलती है। लहसुन की जी-वन किस्म का मार्केट भाव 250 से लेकर 400 प्रति किलो किसान को मिलता है।

### गोल्डन लहसुन में औषधीय गुण

किसान रवि पूनिया ने बताया कि गोल्डन गारलिक लहसुन औषधीय गुण खेती है। उपरोक्त लहसुन गठिया रोगों व जोड़ों के दद्रार्ं में रामबाण है। ब्लड सर्कुलेशन व कोलेस्ट्रॉल एवं हृदय रोगों में गुणकारी है, इसलिए गोल्डन गारलिक लहसुन मार्केट में एक हजार रुपये किलो तक बिक रहा। किसान आम साधारण लहसुन के भाव में लगातार उतार चढ़ाव के कारण अच्छा भाव न मिलने के कारण काफी चिंतित रहते हैं। कगोल्डन गारलिक लहसुन की खेती में प्रति एकड़ संपूर्ण खर्चे काटकर 6 लाख रुपये की शुद्ध कमाई होती है।

### खेती में करें बदलाव

किसानों को एक ही प्रकार की लगातार खेती नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से जमीन की उपजाऊ शक्ति घट जाती हैं। किसानों को बागवानी एवं लहसुन तथा सब्जी की खेती को बढ़ावा देना चाहिए। किसानों को इससे मुनाफा कई गुना बढ़ेगा और जमीन की मिट्टी का सुधारीकरण होगा। सरकार किसानों को बागवानी व सब्जियों मे विभिन्न प्रकार से सब्सिडी प्रदान कर रही है। इसलिए किसानों को घाटे की खेती को छोड़कर बागवानी एवं औषधीय खेती को अपनाना चाहिए। -डॉ. श्रवण कुमार, जिला बागवानी अधिकारी फतेहाबाद



# करना है आईटीआर फाइल तो इन डॉक्यूमेंट्स को रखें तैयार, नहीं होगी कोई दिक्कत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई, 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। अगर आप खुद रिटर्न फाइल करना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं।

■ बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं

यह पूरा प्रोसेस ऑनलाइन है। अगर आप पहली बार इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर रहे हैं तो कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। रिटर्न फाइल करने से पहले हर टैक्सपेयर को कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट्स को अपने पास रखना चाहिए। इससे रिटर्न दाखिल करने में आपको किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट वर्ष 2023-24 के लिए प्रक्रिया शुरू

### फॉर्म-16 है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने के लिए फॉर्म-16 बेहद जरूरी है। हर नौकरी करने वाले व्यक्ति को उसकी कंपनी यानी नियोक्ता फॉर्म-16 जारी करती है। फॉर्म-16 एंप्लायर यानी नियोक्ता द्वारा जारी किया जाता है। इसके जरिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है। फॉर्म-16 में करदाताओं की ग्रॉस इनकम के साथ-साथ, नेट इनकम और इनकम में से काटे गए टीडीएस के बारे में जानकारी दर्ज होती है।




*निवेश के प्रूफ : अगर आपने टैक्स सेविंग के लिए इनकम टैक्स की धारा 80 सी, 80 सीसीसी और 80 सीसीडी के तहत निवेश किया है तो आप निवेश के प्रूफ के साथ टैक्स छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं। छूट को क्लेम के लिए यह एक सबूत की तरह काम करता है।*

### कैपिटल गेन के दस्तावेज भी हैं जरूरी

अगर आपने म्युचुअल फंड, शेयर बाजार या प्रॉपर्टी के जरिए निवेश करके कमाई की है तो इसे कैपिटल गेन कहते हैं। आईटीआर फाइल करते वक्त कैपिटल गेन के जरिए हुई कमाई की जानकारी देना भी आवश्यक है।

### होम लोन स्टेटमेंट

अगर आपने किसी बैंक या एनबीएफसी से होम लोन ले रखा है तो आप पिछले वित्त वर्ष के लिए लोन स्टेटमेंट को बैंक से लेने बिल्कुल न भूलें। इससे यह पता चलेगा की आपने लोन पर कितना ब्याज चुकाया है। आप इनकम टैक्स की धारा 24 के तहत होम लोन पर चुकाए गए ब्याज पर टैक्स छूट भी क्लेम कर सकते हैं।

### आधार कार्ड और पैन कार्ड है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त आधार और पैन के डिटेल्स को देना भी आवश्यक है। ऐसे में आप रिटर्न फाइल करने से पहले इन दोनों डॉक्यूमेंट्स को अपने पास जरूर रखें। इसके साथ ही अगर आपके पास एक से अधिक बैंक खाते हैं तो उनकी जानकारी देना भी जरूरी है।

### सैलरी स्लिप भी है जरूरी

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त टैक्सपेयर के पास अपनी सैलरी स्लिप भी होनी चाहिए। सैलरी स्लिप में व्यक्ति की सालाना इनकम। डीए, हाउस रेट आदि की जानकारी दर्ज होती है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में एलआईसी सबसे अधिक लाभ में




**नई दिल्ली।** संसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 85,582.21 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। शेयर बाजार के सकारात्मक रुख के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सबसे अधिक लाभ में रही।

### आरबीआई ने सेंट्रल बैंक पर लगाया जुर्माना




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'ऋण और अग्रिम' तथा 'ग्राहक संरक्षण' से संबंधित निर्देशों का पालन न करने पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था।

### एयरटेल ने स्पेक्ट्रम की बकाया रकम चुकाई




**नई दिल्ली।** एयरटेल ने 2012 और 2015 में आवंटित स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूरा बकाया चुका दिया है। एयरटेल ने 2012 की नीलामी में 8.67 करोड़ रुपये और 2015 की नीलामी में 29,129 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम सरकार से हासिल किए थे। 'दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूर्व-भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही कंपनी ने वर्ष 2012 और 2015 की नीलामी में प्राप्त स्पेक्ट्रम से संबंधित सभी स्थगित देनदारियों का पूर्ण भुगतान कर दिया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पीईएसबी ने चेयरमैन व सीएमडी के लिए लिया था साक्षात्कार

# पीईएसबी को नहीं मिला एचपीसीएल प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी ने हाल में एचपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए साक्षात्कार लिया था, लेकिन उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा।

तीन साल में यह तीसरा मौका है जबकि जब बोर्ड को किसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार की खोज करता है। पीईएसबी ने 14 जून को इस पद के लिए कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था।

■ बोर्ड को इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा

■ तीन साल में तीसरा मौका जब बोर्ड को उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला




■ पीईएसबी ने 14 जून को कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था

### आईजीएल के एमडी शामिल थे

जिन लोगों का साक्षात्कार लिया गया उनमें एचपीसीएल निदेशक मंडल के एक सदस्य के अलावा इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) के प्रबंध निदेशक भी शामिल थे। लेकिन पीईएसबी को इनमें से कोई उम्मीदवार इस पद के उपयुक्त नहीं लगा।

### एचपीसीएल प्रमुख का पद एक सितंबर 2024 को होगा खाली

एचपीसीएल के प्रमुख का पद एक सितंबर, 2024 को खाली हो जाएगा। उस समय कंपनी के मौजूदा चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पुष्प कुमार जोशी 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। पीईएसबी को इससे पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) में शीर्ष पद के लिए कोई उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिला था।

### उचित तरीके से चुनने की सलाह

पीईएसबी पैनल ने एक अधिसूचना में कहा, 'बोर्ड ने एचपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद के लिए किसी भी उम्मीदवार की सिफारिश नहीं की और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) सहित चयन के लिए आगे की कार्रवाई का उचित तरीका चुनने की सलाह दी।'

### किसी नाम की सिराफिश नहीं

आईओसी के मामले में पीईएसबी ने श्रीकांत माधव वैद्य का स्थान लेने के लिए किसी के नाम की सिफारिश नहीं की। वैद्य को 2023 में सेवानिवृत्त होना था। पीईएसबी ने इस पद के लिए कुल 10 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलने के बाद एक 'अनूठा' कदम उठाते हुए सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर वैद्य को पुनः कंपनी का प्रमुख नियुक्त कर दिया गया।

### ओएनजीसी प्रमुख का सेवाकाल बढ़ा था

इसके चलते आईओसी के प्रमुख का कार्यकाल सेवानिवृत्ति की उम्र पूरी होने के बाद एक साल बढ़ाया गया। वहीं ओएनजीसी का प्रभार एक सेवानिवृत्त कार्यकारी को सौंपा गया। पीईएसबी ने तीन जून, 2021 को भारत की सबसे बड़े तेल एवं गैस उत्पादक ओएनजीसी के प्रमुख के पद के लिए दो सेवारत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों सहित नौ उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

### ये नौकरशाह उपयुक्त पाया गए थे

लेकिन इसमें न तो वरिष्ठ नौकरशाह अविनाश जोशी और नीरज वर्मा और न ही मेंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में निदेशक-वित्त पोमिला जसपाल और ओएनजीसी के प्रौद्योगिकी और फील्ड सेवाओं के निदेशक ओम प्रकाश सिंह को इस पद के उपयुक्त पाया गया।

# बैटरी सेल के लिए महिंद्रा वैश्विक भागीदारी तलाश रही : शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महिंद्रा समूह स्थानीय स्तर पर बैटरी सेल के उत्पादन के लिए वैश्विक कंपनियों के साथ भागीदारी की संभावना तलाश रहा है। भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने को समूह ऐसा कर सकता है। महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

शाह ने कहा कि कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन इकाई महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड (एमईएएल) की संभावित सूचीबद्धता के लिए 2030 की समयसीमा पर विचार कर रही है। शाह ने कहा, 'एक क्षेत्र जिसपर हम अधिक बारीकी से गौर कर रहे हैं वह सेल विनिर्माण है और यह एक ऐसी चीज है जहां विभिन्न विचार हैं... अगर हमें लगता है कि यह हमारे लिए जरूरी है, तो हम सेल विनिर्माण के लिए साझेदारी पर विचार करेंगे।' उन्होंने कहा, ''हम एक वैश्विक प्रौद्योगिकी भागीदार और संभावित रूप से निजी इक्विटी भागीदारों पर भी गौर करेंगे क्योंकि हम पूरी पूंजी नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस पहल को अमलीजामा पहना पाते हैं, तो देश में बेटरी सेल का स्थानीय उत्पादन शुरू हो सकेगा।

### उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी

यह पूछे जाने पर कि क्या इसके लिए उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी, शाह ने कहा, ''हमारे लिए ऐसा करने का एकमात्र कारण स्वदेशीकरण करना है। इसलिए अगर हम उस रास्ते पर चलते हैं, तो यह भारत में ही होगा।' एमईएएल को सूचीबद्ध करने की योजना पर शाह ने कहा कि यह कम से कम अगले तीन से पांच साल में नहीं होने वाला है।

## ग्रोवैल्यू फिन सर्विसेज का पंजीकरण रद्द



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने पर ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अप्रैल 2021 से अगस्त 2022 तक सेबी के पास पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक फर्म ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े मामलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण यह पता लगाने के लिए किया गया था कि क्या फर्म के बहीखाते और रिकॉर्ड सही ढंग से तैयार किए जा रहे थे और क्या फर्म सेबी के अनुसंधान विश्लेषक मानदंडों के प्रावधानों का पालन कर रही थी। सेबी के मुख्य महाप्रबंधक जी रामर ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ता (ग्रोवल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज) ने अनुसंधान विश्लेषक विनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन किया है ।

# एसबीआई अनुषंगी कंपनियों का कारोबार बढ़ाने करेगा मौद्रीकरण

■ एसबीआई चेयरमैन खारा ने कहा बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा।

इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिये होगा। उन्होंने कहा, 'इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है।'खारा ने कहा, 'शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे। उसके बाद ही हम इन कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी का मौद्रीकरण करने के लिए पूंजी बाजार में जाने की सोचेंगे। लेकिन, चालू वित्त वर्ष में ऐसा नहीं होगा।'

*एसबीआई इंश्योरेंस का लाभ 30 फीसदी बढ़ा: वित्त वर्ष 2023-24 में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ 30.4 प्रतिशत बढ़कर 240 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी एसबीआई के पास है। बाकी हिस्सा हिताची पेमेंट सर्विसेज के पास है।*

### वैश्विक रुख पर निर्भर करेगी करेगी शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। घरेलू मोर्चे पर किसी प्रमुख संकेतक के अभाव में इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख पर निर्भर करेगी। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बाजार मुख्य रूप से विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से दिशा लेगा। वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों वाला है और किसी बड़े संकेतक का अभाव है। बजट को लेकर चर्चा के बीच हमें क्षेत्र विशेष के शेयरों में गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

सार्वजनिक सूचना
(दिवाला एवं दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 102 (1) एवं (2) के अंतर्गत)

**मैसर्स रिचा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (L17115HR1993PLC032108) के व्यक्तिगत गारंटर सुशील गुप्ता के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ हेतु**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का नाम | श्री सुशील गुप्ता |
| 2. | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का पता | पताः जी-74, साउथ सिटी-1, गुरुग्राम, हरियाणा - 122001 |
| 3. | आवेदन स्वीकृती के आदेश का विवरण | सीपी (आईबी) सं. 123/CHD/HRY/2022 आदेश दिनांक 13.06.2024 |
| 4. | समाधान पेशेवर का विवरण जिसके पास दावे पंजीकृत किए जाने हैं | श्री अनिल कुमार मित्तल IBBI/IPA-002/IP-N00742/2018-2019/12263 |
| 5. | बोर्ड के पास पंजीकृत समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल | पताः 5/99, सेक्टर-2, राजेंद्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201005 ईमेलः Mittalanil.ubi@gmail.com |
| 6. | समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | पताः रिसर्जेंट रेजोल्यूशन प्रोफेशनल्स एलएलपी (आईपीई) 905, 9वीं मंजिल, टावर 'सी', यूनिटेक बिजनेस जोन, सेक्टर 50, गुरुग्राम, हरियाणा - 122018 ईमेलः pg.sushilgupta@resurgentrpl.com |
| 7. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 08.07.2024 |
| 8. | प्रासंगिक प्रपत्र जिनमें दावा दायर किया जाना है, यहां उपलब्ध हैं: | "फॉर्म बी" वेबलिंकः https://ibbi.gov.in/en/home/downloads |

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ पीठ (कोर्ट-।।) ने CP(IB) No. 123/CHD/HRY/2022 में 13.06.2024 को श्री सुशील गुप्ता (मैसर्स रिचा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर) के खिलाफ दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
सुशील गुप्ता (मैसर्स रिचा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर) के लेनदारों को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 103 के साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट देनदारों के लिए व्यक्तिगत गारंटरों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2019 के विनियम 7 के अनुसार प्रविष्टि संख्या 6 में उल्लिखित पते पर समाधान पेशेवर को 08.07.2024 को या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।
ऋणदाता अपने दावे प्रमाण सहित इलेक्ट्रानिक माध्यम से अथवा डाक द्वारा प्रस्तुत करेंगे।
दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना आकर्षित होगा।

हस्ता/-
अनिल कुमार मित्तल
समाधान पेशेवर
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-002/IP-N00742/2018-2019/12263
पार्टनरः रिसर्जेंट रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल्स एलएलपी (IPE),
मान्यता सं. IBBI/IPE/0084.
संपर्क पताः 905, 9वीं मंजिल, टावर 'सी', यूनिटेक बिजनेस जोन, सेक्टर 50, गुरुग्राम, हरियाणा - 122018, मेलः pg.sushilgupta@resurgentrpl.com

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 17.06.2024

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

# पेटीएम की यह बिजनेस बेचने जोमाटो से बातचीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संकट में फंसी पेटीएम ने अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमाटो से बातचीत की जा रही है। फिनटेक कंपनी पेटीएम ने यह फैसला रीस्ट्रक्चरिंग के तहत लिया है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैन लगाए जाने के बाद पेटीएम के कारोबार को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में वह गिरती हुई सेल्स को संभालने के लिए एक साथ कई विकल्प पर काम कर रही है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के साथ ही कुछ कारोबार हटाकर पेटीएम अपने पेमेंट बिजनेस पर ध्यान देना चाहती है।




### यूपीआई पेमेंट सेगमेंट पर ध्यान देना चाहती है पेटीएम

रिपोर्ट के अनुसार, मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने के लिए पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस और जोमाटो के बीच बातचीत शुरू हो चुकी है। मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचकर कंपनी यूपीआई पेमेंट सेगमेंट में अपनी खोई हुई इज्जत को वापस हासिल करने का प्रयास करेगी।

### पहली बार पेटीएम की सेल में आई गिरावट

विजय शेखर शर्मा के नेतृत्व वाली कंपनी पेटीएम ने पिछले महीने बताया था कि उसकी सेल्स में पहली बार गिरावट आई है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के चलते कंपनी के फिनटेक बिजनेस को बहुत नुकसान पहुंचा है। अपने बिजनेस को बचाने के लिए कंपनी ने 4 बैंकों का सहारा लिया है। फिलहाल मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस की डील को लेकर पेटीएम और जोमाटो ने चुप्पी साधी हुई है।

## *शब्द पहेली - 5544*




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5543 का हल**





हरियाणा सरकार



"यह योजना अंत्योदय परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने के साथ पर्यावरण को भी संरक्षित करेगी। इस योजना का फायदा अधिक से अधिक परिवारों को मिले इसके लिए केन्द्र और हरियाणा सरकार ने सब्सिडी का प्रावधान भी किया है।"
**- नायब सिंह**

"हमारा संकल्प है कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम हो। 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य है।"
**- नरेन्द्र मोदी**



# प्रधानमंत्री
# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

## हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी

### ₹ 1.80 लाख तक वार्षिक आय के लाभार्थी

- 2 किलोवाट तक ₹ 60,000 तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा
- ₹ 50,000 की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा
- औसत मासिक 300 यूनिट तक मुफ्त उत्पादन

### ₹ 1.80 से ₹ 3 लाख तक वार्षिक आय के लाभार्थी

- 2 किलोवाट तक ₹ 60,000 तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा
- ₹ 20,000 की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा
- औसत मासिक 300 यूनिट तक मुफ्त उत्पादन



### राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति
**श्री रणजीत सिंह**
ऊर्जा मंत्री, हरियाणा

दिनांक - 17 जून, 2024 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम, सेक्टर-7, अम्बाला शहर

अधिक जानकारी के लिए UHBVN क्यू आर कोड स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए DHBVN क्यू आर कोड स्कैन करें

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**अधिक जानकारी के लिए**
केन्द्र सरकार के सोलर पोर्टल **www.pmsuryaghar.gov.in** पर जाएं अथवा स्थानीय ऊर्जा विभाग कार्यालय में संपर्क करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipr haryana

## चिंतन

# ईवीएम की प्रमाणिकता को लेकर बहस बंद हो

भारतीय ईवीएम पर राजनीतिक बहस खत्म होनी चाहिए। भारतीय स्वदेशी तकनीक पर सबको भरोसा होना चाहिए। ईवीएम की सत्यता, प्रमाणिकता और तकनीकता को लेकर किसी को आशंका नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ईवीएम की तकनीक को लेकर अनेक बार प्रमाणिक सफाई दे चुका है, आरोप लगाने वाले दलों को अपने आरोपों को तकनीकी रूप से सिद्ध करने का अवसर दे चुका है। सुप्रीम अदालत में ईवीएम-वीवीपैट मामले पर तार्किक जिरह हो चुकी है, इसके बावजूद देश में हर चुनाव के वक्त विपक्षी दलों की ओर से ईवीएम पर सवाल उठाना एक ट्रेंड बन गया है, चाहे फैसला जो भी हो। ईवीएम पर विवाद करना अपनी स्वदेशी तकनीकी उपलब्धि पर संदेह जताना है। अमेरिकी व्यापारी एलन मस्क ने एआई से ईवीएम को हैक करने को लेकर जो भी बयान दिया है, उसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ईवीएम किसी भी बाहरी तकनीक से कंट्रोल्ड नहीं है, इसलिए इंटरनेट आधारित किसी भी तकनीक से ईवीएम को न हैक किया जा सकता है, न संचालित और न नियंत्रित किया जा सकता है। ईवीएम एक सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर है, जो किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग है, किसी से कनेक्ट नहीं है, ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट से जुड़ा नहीं है। यानी हैक या नियंत्रण को कोई रास्ता ही नहीं है। ईवीएम फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर है, जिसे दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह सुरक्षित है। चुनाव आयोग ने एलन मस्क के बयान के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व सपा सांसद अखिलेश यादव की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी भी अन्य डिवाइस से कनेक्ट नहीं रहता है। इस वक्त महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर की मामली वोटों से जीत के बाद उनके रिश्तेदार के खिलाफ मोबाइल मतगणना केंद्र पर पहुंचाने व संदिग्ध स्थिति में रखने के आरोप को लेकर केस दर्ज किया गया है, जिसकी महाराष्ट्र पुलिस जांच कर रही है। उसके बाद चुनाव आयोग भी जांच करेगा। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नवंबर में होना है, वहां इंटरनेट आधारित ईवीएम को लेकर बहस जारी है, अमेरिका में चुनाव बैलेट पेपर से होता है। उन्होंने अमेरिकी सरकार को मत पत्र से ही चुनाव कराने की सलाह दी है और इसी संदर्भ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से ईवीएम के हैक व कंट्रोल्ड करना संभव है, जैसा बयान दिया हो, उन्हें डर हो कि कहीं अमेरिका भारतीय ईवीएम के जरिये न चुनाव कराने का विचार करे। दूसरा कारण भी हो सकता है, पश्चिम ने कभी भी भारतीय तकनीक को दिल से नहीं स्वीकारा है। ईवीएम भारत में जेनरेटेड है, यह एक फुलप्रूफ तकनीक है, इसकी गुणवत्ता को पश्चिम के लिए स्वीकारना मुश्किल रहता है। ईवीएम पर एलन मस्क के बयान को इन दोनों ही संदर्भ में देखा जा सकता है। चिंता तब होती है, जब किसी पश्चिमी विदेशी के द्वारा भारतीय ज्ञान या उपलब्धि या व्यवस्था के खिलाफ अनर्गल आलाप किया जाता है तो हमारे देश के विपक्षी नेता बिना परीक्षण किए, उसके मकसद को समझे सुर में सुर मिलाने लगते हैं। राहुल गांधी व अखिलेश यादव को तथ्यात्मक रूप से सही बातें ही कहनी चाहिए। ईवीएम पर विवाद का अंत होना चाहिए, भारतीय को अपनी तकनीक पर भरोसा होना चाहिए।



मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। मंहगाई पर केंद्रीय बैंक संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है।

# महंगाई-विकास में संतुलन की पहल

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दे।

मौजूदा समय में महंगाई दर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। केयर एज रेटिंग के अनुसार कर्ज दर के नरम नहीं होने के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत के आसपास रही है और वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 14 से 14.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद ही सकारात्मक है। हालांकि, इसे अपवाद वाली स्थिति कहा जा सकता है। बहरहाल,कर्ज देने की रफ्तार में तेजी बनी रहने के कारण आर्थिक गतिविधियों और विकास दर दोनों में तेजी आ रही है। इसी वजह से भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने विकास अनुमान को 7.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 रही, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 6.1 प्रतिशत रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से 1.2 प्रतिशत अधिक है यानी रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत लगाया था। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार विनिर्माण और खनन के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन से आलोच्य अवधि में विकास दर तेज रही। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में माइनस 2.2 प्रतिशत रही थी। इसी प्रकार खनन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.9 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि विनिर्माण क्षेत्र रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खुदरा महंगाई अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है और अनुमान है कि गर्मियों में खुदरा महंगाई में बहुत ज्यादा नरमी नहीं आएगी। वैसे, सर्दी के मौसम में इसमें कुछ नरमी आ सकती है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का



अनुमान जताया है, लेकिन यह स्तर विकास के लिए निर्णायक निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है। मई महीने में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर 2.61 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि फरवरी 2023 में यह 3.85 रही थी। वहीं,अप्रैल 2024 में यह 1.26 प्रतिशत रही, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। मार्च 2024 में यह 0.53 रही और फरवरी महीने में 0.20 प्रतिशत। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 12 जून 2024 को खुदरा महंगाई का आंकड़ा जारी किया था, जिसके अनुसार मई महीने में खुदरा महंगाई 4.75 प्रतिशत रही, जो 12 महीने का निचला स्तर था। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी आई थी, लेकिन वह मई महीने से थोड़ी अधिक 4.83 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून 2023 में खुदरा महंगाई 4.81 प्रतिशत थी, जबकि जुलाई 2023 में यह 4.44 प्रतिशत रही थी।

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर या खरीदने की क्षमता से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपये का मूल्य सिर्फ 94 रुपये होगा, इसलिए महंगाई के स्तर के अनुरूप निवेशकों को निवेश करना चाहिए, अन्यथा उन्हें प्रतिफल कम मिलेगा। महंगाई का बढ़ना और घटना उत्पाद की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा उत्पाद खरीदेंगे और ज्यादा उत्पाद खरीदने से मांग बढ़ेगी और मांग के मुताबिक आपूर्ति नहीं होने पर उत्पादों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह, बाजार महंगाई के दुष्चक्र में फंस जाएगा। बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या उत्पाद की कमी महंगाई का कारण बनता है। वहीं,अगर मांग कम होगी और आपूर्ति ज्यादा होगी तो महंगाई कम होगी। ग्राहक खुदरा बाजार से सामान खरीदते हैं और बाजार में मौजूद उत्पादों की कीमत में हुए बदलाव को मापने का काम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) करता है। उत्पाद और सेवाओं के लिए जो औसत मूल्य चुकाया जाता है,सीपीआई उसी को मापता है।कच्चे तेल, उत्पादों की कीमतों, निर्माण की लागत के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जो खुदरा महंगाई दर को तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में लगभग 300 उत्पाद ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई दर तय होती है। इस तरह, किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है। फिर,उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है।

विगत कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। एचएसबीसी इंडिया का पीएमआई आंकड़ा मई 2024 में 57.5 पॉइंट रहा, जो अप्रैल महीने में 58.8 प्वाइंट रहा था, वहीं, कंपोजिट पीएमआई मई 2024 में 60.50 पॉइंट था, जो अप्रैल 2024 में 61.50 प्वाइंट रहा था। आंकड़ों से साफ आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। मंहगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है,ताकि आम आदमी को परेशानी भी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित रॉकफोर्ट उच्ची पिल्लयार कोइल मंदिर एक और ऐसा प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो पहाड़ी की चोटी पर विराजित है और हिन्दुओं के बीच काफी महत्वपूर्ण महत्व रखता है।

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

एक पेड़ मां के नाम अभियान
डॉ. मोनिका शर्मा




# प्रकृति संरक्षण की मुहिम

मरुस्थल बनती धरती पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। उजड़ती हरियाली से न केवल तपिश बढ़ रही है,बल्कि बढ़ते प्रदूषण ने भी जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में पेड़ लगाना और सहेजना ही धरती के रंग और इंसानों का जीवन बचा सकता है। हवा में घुलते जहर, बढ़ते तापमान और मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कटते वृक्षों से पैदा हो रहे पर्यावरण असंतुलन से मुकाबला करने का एकमात्र रास्ता अधिक से अधिक पेड़ लगाना ही है। हाल ही में देशवासियों से अपने ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरुआत की है। इस मुहिम का व्यावहारिक पक्ष यह है कि यह पेड़ लगाने की औपचारिकता पूरी करने भर से नहीं बल्कि रोपे गए पौधे को पोसने के भाव से भी जुड़ी है। हर साल बड़ी संख्या में वृक्षारोपण के बावजूद पालने-पोसने के प्रति गंभीरता न रखने के कारण बहुत से पौधे नष्ट हो जाते हैं। ऐसे में वृक्षारोपण अभियान के साथ भावनात्मक जुड़ाव का भाव होना पेड़ लगाने के बाद उसे बचाने में भी मददगार साबित होगा। इसी भाव को बल देने वाली मुहिम को लेकर प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा था कि 'मैंने प्रकृति मां की रक्षा करने और सतत जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। मैं आप सभी से यह आग्रह करता हूं कि आप भी हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान दें।' विचारणीय है कि वृक्षारोपण के सामूहिक प्रयास सदा से अहम रहे हैं पर वृक्षारोपण का सद्विचार ही काफी नहीं है। समस्या लगाए गए पेड़-पौधों की देखभाल के प्रति गंभीर न रहने की ज्यादा है। कभी रोपे गए पौधे सिंचाई के अभाव में या तो सूख जाते हैं तो कभी मवेशी खा जाते हैं। संबन्धित विभागों की लापरवाही के कारण बाकायदा अभियान चलाकर रोपे गए पेड़ भी सूख जाते हैं, जबकि वन क्षेत्रों में नहीं गांवों-शहरों में भी निर्माण कार्यों के कारण पेड़ों की कटाई निरंतर जारी है। एक ओर बढ़ती आबादी के कारण शहरी इलाकों में आवासीय क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है तो दूसरी ओर गांवों-कस्बों में भी जमीनी जीवनशैली में बदलाव आया है। ध्यातव्य है कि वन विभाग की ओर से हर वर्ष नर्सरी तैयार कर वन क्षेत्रों में पौधे रोपे जाते हैं, पर लक्ष्य से दोगुनी संख्या में पौधे रोपने बावजूद काटे जा रहे पेड़ों की तुलना में नए पेड़ कम ही लग पाते हैं, जिसके कारण वन क्षेत्र संरक्षित करना भी आसान नहीं है, पर भारत में वन हानि रोकने के प्रयास गंभीरता से किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अभियान जुड़कर लोग शहरी क्षेत्रों में बची खाली जगहों, उद्यानों और अपने घर के आंगन को हराभरा बनाकर प्रकृति संरक्षण में भागीदार बन सकते हैं। असल में प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के कारण खत्म हो रही हरियाली को पोसने के मोर्चे पर पौधरोपण संग निजी जुड़ाव और जवाबदेही का यह भाव वाकई सहायक सिद्ध हो सकता है। अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने को प्रेरित करने वाला यह अभियान वृक्षों को बचाने वाली व्यावहारिक और प्रेरणादायी पहल है। धरती माता के आंगन को हराभरा रखने वाली संवेदनासिक्त मुहिम है। समझना मुश्किल नहीं कि अपनी माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के रूप में वृक्ष रोपने वाला हर इंसान उसे सहेजने के भी पूरे प्रयास करेगा। यह मानवीय मन का बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि व्यक्तिगत जुड़ाव के बाद संरक्षण का भाव और प्रबल हो जाता है। यही जुड़ाव प्रकृति को संरक्षित करने वाले भाव-चाव का कभी ना डिगने वाला आधार बन सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन





### आज की पाती

**विवादों में नीट परीक्षा परिणाम**

इस साल नीट परीक्षा विवादों में है। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार और नीट आयोजित करने वाली संस्था पर घोटाले और गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है। लोग सड़कों पर उतर कर नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं। अब इस पर भी सियासत होने लगी है। वहीं जिन बच्चों ने परीक्षा पास की है वो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है, तो सुप्रीम कोर्ट ने पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग को गलत बताया है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि सरकार छात्रों के साथ है और इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई भी होगी, लेकिन इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना गलत है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विषय में क्या कदम उठाती है ताकि भविष्य में छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और पढ़ाई से उनका ध्यान न भटके। *-विपिन नागरे, रायगढ़*

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य संकट पर चिंतित



वेस्ट बैंक, कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में डब्ल्यूएचओ वहां के बढ़ते स्वास्थ्य संकट के बारे में चिंतित है, जहां स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर हमले और आंदोलन पर बढ़ते प्रतिबंध स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में बाधा डाल रहे हैं।
**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### ट्रैक पर रहना होगा



यदि आप सचेत हैं कि आप नश्वर हैं, तो कुछ भी मूर्खतापूर्ण करने का समय नहीं है। आपको ट्रैक पर रहना होगा। आध्यात्मिक पथ का सबसे बुनियादी पहलू अपने आप से सौ प्रतिशत सीधा होना है।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### नागरिकता का मार्ग मिला



आज से बारह साल पहले, मेरे प्रशासन ने डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम या डीएसीए की घोषणा की थी, जिससे बिना दस्तावेज वाले आप्रवासियों को, जिन्हें बचपन में इस देश में लाया गया था, नागरिकता का मार्ग मिल गया।
**-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति**

### फिर भी बहुत अधिक



हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है।
**-एलोन मस्क, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय



भारत में हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणामों पर निराशा व्यक्त करते हुए एक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी ने शनिवार को कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय है न कि जीत का जश्न मनाने का। 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूएसए' द्वारा आयोजित विजय समारोह के दौरान डॉ. भरत बरई ने पार्टी के सदस्यों से कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने भारत में जो काम किया है उसके लिए उन्हें 400 सीट मिलनी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तो अब सवाल यह है कि क्या हमें आत्मचिंतन करने की कोशिश करनी चाहिए, यह देखने की कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हुआ?' उन्होंने कहा, 'अगर हम सिर्फ जश्न मनाते रहेंगे तो अगली बार यह सुनने को मिलेगा कि महाराष्ट्र से भाजपा बाहर हो चुकी है। इसलिए, हमारे लिए यह आत्ममंथन करना बेहद जरूरी है कि 400 सीट मिलने के बजाय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सिर्फ 292 सीट ही क्यों मिलीं? और पिछले चुनावों में जब भाजपा पूर्ण बहुमत में थी तो इस बार 240 सीट ही क्यों मिलीं?' डॉ. बरई ने कहा, 'इसलिए हमें अब बधाई देने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और इससे हमें यह रणनीति बनाने में मदद मिलेगी कि अगली बार हमें किस तरह के कदम उठाने चाहिए।'

## ऑफ बीट

# मीठे पानी के स्रोत कर रहे संकट का सामना



मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र प्राकृतिक दुनिया की जीवनरेखा हैं, फिर भी वह संकट का सामना कर रहा है। रिपोर्ट से पता चला है कि 1970 के बाद से वैश्विक मीठे पानी की कशेरुकी आबादी में 83 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है, जो किसी भी अन्य आवास की तुलना में कहीं अधिक है। मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र पृथ्वी के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का एक उपसमूह हैं। इनमें झीलें, तालाब, नदियां, धाराएं, झरने, दलदल और आर्द्रभूमि शामिल हैं। उनकी तुलना समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियों से की जा सकती है, जिनमें नमक की मात्रा अधिक होती है। मीठे पानी के आवासों को तापमान, पोषक तत्वों और वनस्पति सहित विभिन्न कारकों द्वारा वर्गीकृत किया जा सकता है। प्रकृति के क्षरण का स्तर चिंताजनक है, लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र जटिल है। साथ ही मानवीय गतिविधियों के प्रभाव भी जटिल हैं। हमारे शोध से पता चलता है कि पर्यावरणीय डीएनए (ईडीएनए) का विश्लेषण करके मीठे पानी की धाराओं, नदियों और झीलों के भीतर छिपे रहस्यों को उजागर किया जा सकता है। इससे इन महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी प्रणालियों की अधिक कुशल निगरानी की उम्मीद जगती है। मछलियां और पक्षी आमतौर पर सुर्खियों में रहते हैं। उन पर दशकों से निगरानी रखी जा रही है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस लूट रही खटाखट टकाटकः मालवीय

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए



राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कैप्शन दिया, कांग्रेस लूट रही है खटाखट, टका टक। कांग्रेस की गारंटिया पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत, इसलिए पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल का यह बयान उन्होंने कोट किया है।

### भारत-अमेरिका एनएसए के बीच आज होगी बैठक

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली सफलता के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यभार संभालने के बाद भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़ी जटिल और उभरती हुई तकनीक (आईसीईटी) की दूसरी बैठक का सोमवार को राजधानी में आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान शिरकत करेंगे। 17 से 18 जून तक होने वाली इस बैठक के जरिए दोनों देशों के सैन्य-सामरिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

### मायावती बहुजन आंदोलन से विमुख हो गईंः चौधरी

**लखनऊ (भाषा)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापकों में शुमार समाजवादी पार्टी (सपा) के मौजूदा सांसद आर. के. चौधरी ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में बसपा की करारी पराजय के लिए पार्टी प्रमुख मायावती की बहुजन आंदोलन से विमुखता को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव 'पीडीए' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के नारे के साथ बहुजन की मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की मोहनलालगंज सीट से सपा के नवनिर्वाचित सांसद चौधरी ने रविवार को बातचीत में बसपा के गिरते ग्राफ तथा पार्टी के संस्थापक कांशीराम के मिशन के भविष्य समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम ममता बेनर्जी के भतीजे अभिषेक बेनर्जी को रविवार सुबह कोलकाता के एक प्रॉइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी तृणमूल कांग्रेस के करीबी से सूत्रों ने बताया कि कि वह एक सर्जरी के लिए अस्पलात में भर्ती हुए हैं। अभिषेक बनर्जी बीते बुधवार को ही इस बात की जानकारी दी थी कि वे जल्दी ही राजनीति से छुट्टी लेंगे।

## गंगा दशहरा पर उमड़ी आस्था



**15 लाख से अधिक गंगा में डुबकी लगाई :** हरिद्वार (भाषा)। गंगा दशहरा के पावन स्नान पर्व के मौके पर हरिद्वार में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान पर्व के लिए हरिद्वार के गंगा घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी। स्नान के लिए देश भर से श्रद्धालु शनिवार देर शाम से ही हरिद्वार पहुंचना शुरू हो गये थे। रविवार तड़के से ही मुख्य स्नान घाट हर की पौड़ी पर स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। पुराणों के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन गंगा देवलोक से पृथ्वीलोक पर आई थी।

# भाजपा चाहती है अपना लोकसभा अध्यक्ष, टीडीपी बोली एनडीए में सबकी सलाह से हो नाम तय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**लोकसभा उपाध्यक्ष पद विपक्ष को नहीं मिला तो अध्यक्ष पद पर उम्मीदवार उतार सकता है इंडिया गठबंधन**

***जद(यू) लोकसभा अध्यक्ष पद पर मानता है भाजपा का हक***

भाजपा लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखना चाहती है जबकि टीडीपी नाम तय होने से पहले एनडीए के भीतर सहमति चाहती है। हालांकि जद(यू) ने साफ कर दिया है कि एनडीए के सहयोगी दलों की बजाय अध्यक्ष पद पर पहला हक सबसे बड़े दल भाजपा का है।

उधर, विपक्षी इंडिया गठबंधन का कहना है कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को नहीं दिया गया तो अध्यक्ष पद पर वे भी अपना उम्मीदवार उतारेंगे। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुनाव 26 जून को निर्धारित है। अगर सत्तापक्ष और विपक्ष में सहमति बनती है तो अध्यक्ष निर्विरोध चुना जाएगा, वरना इसी दिन चुनाव होगा। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। जिसके लिए उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव एक दिन पहले दोपहर तक जमा किए जा सकते हैं। भाजपा का कहना है कि इस मामले पर पहले पार्टी के भीतर विचार किया जाएगा। उसके बाद ही सहयोगी दलों के साथ इस पर आम सहमति बनाई जाएगी। जद(यू) और टीडीपी के बीच इस विषय पर आम सहमति नहीं बनती दिख रही है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी ने कहा कि एनडीए के सहयोगियों को सर्वसम्मति से उम्मीदवार तय करना चाहिए। जबकि बिहार के सीएम नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि वह भाजपा के फैसले का समर्थन करेगी। जद(यू) नेता केसी त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी और टीडीपी एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा नामित उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। दूसरी ओर, टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पट्टाभि राम कोम्मारेड्डी ने मीडिया से कहा कि उम्मीदवार का फैसला एनडीए के सहयोगियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। कोम्मारेड्डी ने कहा कि एनडीए के सहयोगी एक साथ बैठकर तय करेंगे कि स्पीकर के लिए हमारा उम्मीदवार कौन होगा। गौरतलब है कि लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई को सत्र का समापन होगा।

## मस्क के बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर का कड़ा जवाब-बोले

# ईवीएम खासतौर पर तैयार, सुरक्षित है किसी नेटवर्क या मीडिया से नहीं जुड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क की ईवीएम को लेकर एक पोस्ट के बाद से सोशल मीडिया पूरी तरह से ईवीएम को लेकर एक्टिव हो गया है। लोग इस पोस्ट के बाद कई तरह के ट्वीट कर रहे हैं। इसके साथ ही अब इस पर फिर से राजनीति फिर शुरू हो गई है।*

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर बहस छिड़ गई है। इस पर भाजपा, कांग्रेस समेत कई नेताओं ने अपनी पकड़ी प्रतिक्रिया दी। एलन मस्क की ईवीएम पर की टिप्पणी के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी पोस्ट कर जवाब दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने हालांकि ईवीएम के संबंध में मस्क की आलोचना के जवाब में कहा कि अरबपति व्यवसायी का दृष्टिकोण अमेरिका और अन्य स्थानों पर भी लागू हो सकता है, जहां वे ''इंटरनेट से जुड़ी मतदान मशीन'' बनाने के लिए नियमित 'कंप्यूट प्लेटफॉर्म' का इस्तेमाल करते हैं। चंद्रशेखर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'लेकिन भारतीय ईवीएम खासतौर पर तैयार की गई हैं, ये सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से नहीं जुड़ी हैं - कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं।'' भाजपा नेता ने कहा, ''इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ठीक उसी तरह से तैयार किया और बनाया जा सकता है जैसा भारत ने किया है। हमें ट्यूटोरियल देने में खुशी होगी, एलन।''



### भारत में ईवीएम 'ब्लैक बॉक्स' हैः राहुल गांधी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ''ब्लैक बॉक्स'' है, जिसकी जांच करने की किसी को इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर ''गंभीर चिंताएं'' जताई जा रही हैं। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बन कर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है।



कांग्रेस नेता बोले-किसी को उनकी जांच की इजाजत नहीं

इस पोस्ट के साथ गांधी ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी।

विपक्षी दल पिछले कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

**अखिलेश यादव ने भी फिर उठाए सवाल**



*लखनऊ। सपा प्रमुख यादव ने ''एक्स'' पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि टेक्नॉलजी' समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।'' यादव ने इसी पोस्ट में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''आज जब विश्व के कई चुनावों में ईवीएम को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ करें।''*

**नीट मामले में कपिल सिब्बल की मांग**

## उच्चतम न्यायालय की ओर से नियुक्त अधिकारी जांच करें

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री बोले संसद सत्र में सभी दल मामले को उठाएं

मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो ''प्रधानमंत्री के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।' सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी।

**सफलतापूर्वक संपन्न रेड फ्लैग युद्धाभ्यास**

## पहली बार 8 राफेल विमानों ने लिया युद्धाभ्यास में भाग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बेहद चुनौतीपूर्ण मौसम और करीब शून्य से नीचे तापमान के बीच अमेरिका के अलास्का में एइलसन एयरफोर्स बेस पर आयोजित किया गया दस दिवसीय (4 से 14 जून तक) 'रेड फ्लैग-2024' युद्धाभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इसमें भारत के अग्रिम पंक्ति के अत्याधुनिक आठ राफेल लड़ाकू विमानों ने पहली बार भाग लिया। इस वर्ष का युद्धाभ्यास का दूसरा संस्करण था। मूलरूप से रेड फ्लैग को एक उन्नत हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास माना जाता है। जिसका अमेरिका की वायुसेना साल में चार बार आयोजन करती है। भारतीय वायुसेना द्वारा रविवार को दी गई इस बार युद्धाभ्यास में भारत के अलावा अमेरिका की वायुसेना (यूएसएएफ), सिंगापुर की वायुसेना (आरएसएएफ), ब्रिटेन की रॉयर एयरफोर्स (आरएएफ), नीदरलैंड की रॉयल एयरफोर्स (आरएनएलएएफ) और जर्मन लूफ्टवाफे ने भाग लिया।

## 128 साल के पद्मश्री स्वामी शिवानंद ने किया योग



एजेंसी ▶▶ मुंबई

21 जून को दुनियाभर में योग दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जगह-जगह योग से जुड़े इवेंट्स हो रहे हैं। मुंबई में भी एक इवेंट हुआ जहां हिंदी सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर सुभाष घई भी शामिल हुए। डायरेक्टर के सामने दुनिया के सबसे बुजुर्ग योग गुरु ने एक्सरसाइज की है। पांच दिन बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। मलाइका अरोड़ा से लेकर शिल्पा शेट्टी तक हिंदी सिनेमा से जुड़े कई सितारे नियमित योग करते हैं और इसके जरिए खुद को फिट भी रखते हैं। योग दिवस नजदीक आ रहा है तो भारत समेत दुनियाभर में इवेंट्स रखे जा रहे हैं। एक्स पर योग डे इवेंट का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 128 साल के स्वामी शिवानंद योग करते हुए नजर आ रहे हैं। पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु इवेंट में कुछ योग आसन कर रहे हैं। इस उम्र में उन्हें योग करता दिख इवेंट में मौजूद सभी लोग तालियां बजाते नजर आए।

**उपराष्ट्रपति ने प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया**

## 15 महापुरुषों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित

**नई टेक्नोलॉजी से महापुरुषों की जीवनगाथा तथा सन्देश आगंतुकों के लिए उपलब्ध होंगे**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार संसद भवन परिसर में संविधान सदन के सामने नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपसभापति, राज्य सभा हरिवंश एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु के अलावा कई केंद्रीय मंत्री और सांसद इस अवसर पर उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान शिलापट्ट के अनावरण के पश्चात गणमान्यजनो ने प्रेरणा स्थल में स्थापित प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इससे पहले, मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बिरला ने कहा कि संसद भवन परिसर के अंदर 15 महापुरुषों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और उनका देश के इतिहास, संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह उल्लेख करते हुए कि ये प्रतिमाएं संसद भवन परिसर में अलग अलग स्थानों पर स्थित थीं जिससे आगंतुकों को इनके दर्शन करने में कठिनाई होती थी, उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से आगंतुकों को पता भी नहीं होता था कि संसद भवन परिसर में किन महापुरुषों की प्रतिमाएँ कहाँ स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थल के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह है कि संसद परिसर में स्थापित इन प्रतिमाओं को एक स्थान पर एक सुंदर और मनोरम वाटिका में स्थापित किया जाए। इसीलिए यह निर्माण किया गया कि संसद परिसर में आगंतुकों के लिए निर्दिष्ट भ्रमण स्थल का निर्माण हो, यहाँ आने वाले आगंतुक आयें और एक ही स्थान पर हमारे महापुरुषों का दर्शन करें और उन्हें श्रद्धांजलि दें। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष संसद के नए भवन के लोकार्पण के उपरांत संसद परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य निरंतर चल रहा है। संसद भवन परिसर के कायाकल्प की व्यापक योजना में उद्यानों और जल निकायों के साथ एक हरित पट्टी में बदलना, भारत की वनस्पतियों की समृद्ध विविधता और स्वदेशी और मौसमी पौधों को लगाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए, सांसदों को गेट से संसद भवन तक ले जाने के लिए बैटरी चालित वाहनों की शुरुआत की जा रही है। बिरला ने बताया कि यह भी कार्य योजना है कि उन प्रतिमाओं के समीप नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से उन महापुरुषों की जीवनगाथा, उनके सन्देश भी आगंतुकों के लिए उपलब्ध हों ताकि सभी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा मिले, और इसीलिये इस स्थल का नाम प्रेरणा स्थल दिया गया है।

# अब सिलेबस में नहीं मिलेगी 'बाबरी मस्जिद' अयोध्या वाले चैप्टर पर भी चलाई गई 'कैंची'

### एनसीईआरटी ने 12वीं की राजनीति विज्ञान की किताब में किए कई बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- संशोधित सिलेबस में अयोध्या के इतिहास का एक नया संस्करण भी है। जहां पुरानी पाठ्यपुस्तक में मीर बाकी को 16वीं शताब्दी में बाबरी मस्जिद बनाने वाला बताया गया है, वहीं नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि तीन गुंबद वाली संरचना श्री राम के जन्मस्थान पर बनाई गई थी और उस संरचना में इसके आंतरिक और बाहरी हिस्सों में हिंदू प्रतीकों और अवशेषों का स्पष्ट प्रदर्शन था।
- पुरानी पुस्तक में फरवरी 1986 में मस्जिद के ताले खोले जाने के बाद दोनों पक्षों की लामबंदी, उसके बाद हुए सांप्रदायिक तनाव और मस्जिद के विध्वंस तथा उसके बाद जनवरी 1993 में हुई हिंसा का विस्तृत विवरण है। सांप्रदायिक हिंसा या राजनीतिक नतीजों का उल्लेख किए बिना घटनाओं का सारांश देने वाला छोटा पैराग्राफ जोड़ दिया गया है।
- अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के 2019 के फैसएक नया उपखंड जोड़ा गया है। इसमें कानूनी समाधान प्रक्रिया और राम मंदिर के निर्माण पर जोर दिया गया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जो अब बाजार में मौजूद हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन 'बाबरी मस्जिद' शब्द को हटाना है, जिसे अब नए एडिशन में 'तीन गुंबद वाली संरचना' के रूप में बताया गया है। इसके अतिरिक्त, अयोध्या पर अध्याय को चार पेज से घटाकर दो पेज में कर दिया गया है।अयोध्या प्रकरण के जो महत्वपूर्ण विवरण जो हटाए गए हैं, उनमें राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए समर्थकों को जुटाने के लिए लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व वाली भाजपा की रथ यात्रा, बाबरी मस्जिद को गिराने में कार सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका, 6 दिसंबर 1992 को मस्जिद के विध्वंस के बाद हुए सांप्रदायिक दंगे, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन और अयोध्या में हुई घटनाओं पर भाजपा का खेद शामिल है। नई पाठ्यपुस्तक के इस पैराग्राफ में कहा गया है कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि किसी भी समाज में संघर्ष होना तय है। हालांकि, एक बहु-धार्मिक और बहुसांस्कृतिक लोकतांत्रिक समाज में, इन संघर्षों को आमतौर पर कानून की उचित प्रक्रिया के बाद हल किया जाता है। अदालती सुनवाई, मध्यस्थता प्रयासों, लोकप्रिय आंदोलनों सहित कई लोकतांत्रिक और कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से, और अंततः 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के 5-0 के फैसले के साथ, अयोध्या मुद्दा हल हो गया. इस फैसले ने विवाद में शामिल विभिन्न हितधारकों के परस्पर विरोधी हितों में सामंजस्य बिठाने की कोशिश की। फैसले ने विवादित स्थल को राम मंदिर के निर्माण के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आवंटित कर दिया और संबंधित सरकार को सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को मस्जिद के निर्माण के लिए एक उपयुक्त स्थल आवंटित करने का निर्देश दिया।

**यूक्रेन विवाद पर 'स्विस पीस सम्मेलन' में भारत की दो टूक**

## किसी भी संयुक्त घोषणापत्र या दस्तावेज में शामिल नहीं होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न शहर में बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में यूक्रेन विवाद पर आयोजित किए गए शांति सम्मेलन के समापन पर भारत ने रविवार को यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस आयोजन के अंत में जारी किए जाने वाले किसी भी संयुक्त घोषणापत्र और दस्तावेज में शामिल नहीं होगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि शांति सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने कहा कि भारत का मानना है कि केवल वे विकल्प ही स्थायी शांति की ओर ले जा सकते हैं। जो दोनों पक्षों को स्वीकार हों। उन्होंने कहा कि यूक्रेन विवाद को लेकर हम वैश्विक चिंताओं से अवगत हैं और इस समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए किसी भी साझा इच्छा का समर्थन करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का मानना है कि इस विवाद के बीच बातचीत और कूटनीति के जरिए ही शांति स्थापित की जा सकती है। अपनी इसी सोच के साथ हम इस सम्मेलन में किसी साझा घोषणापत्र और दस्तावेज में शामिल नहीं हुए हैं।

### दक्षिण पूर्व एशिया से भारत की भागीदारी

गौरतलब है कि हाल ही में इटली के अपूलिया में समाप्त हुए जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद स्विट्जरलैंड में 15 और 16 जून को यूक्रेन विवाद को लेकर इस शांति सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें रूस को आमंत्रित नहीं किया गया। इसी वजह से पहले चीन और फिर पाकिस्तान ने भी सम्मेलन में भागीदारी न करने की घोषणा की थी।




# यूरो कप: अल्बानिया ने सबसे तेज 23वें सेकंड में दागा गोल, लेकिन जीता इटली

एजेंसी ⏭ डॉर्टमंड

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।






### बजरामी ने रचा इतिहास

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी।

### स्पेन के दानी सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर

स्पेन ने क्रोएशिया को 3-0 से हरा दिया। स्पेन के लिए कप्तान अल्वारो मोराटा ने 29वें मिनट, फैबियन रूइज ने 32वें मिनट और कार्वाहाल ने 45+2वें मिनट में गोल दागे। दूसरे हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, क्रोएशिया की टीम को पेनल्टी मिला था, लेकिन टीम उसमें गोल करने में नाकाम रही। ग्रुप-बी का दूसरा मुकाबला इटली और अल्बानिया के बीच खेला जाएगा। दानी कार्वाहाल यूरो कप में 32 वर्ष और 156 दिन की उम्र में गोल दागा। वह स्पेन के लिए इस टूर्नामेंट में गोल स्कोर करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनके



गोल को 16 साल 338 दिन की उम्र के लैमिन यमाहाल ने असिस्ट किया। यमाहाल प्रतियोगिता के इतिहास में असिस्ट करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

## क्रिकेट : स्कॉटलैंड के भी 5 अंक, पर इंग्लैंड रन रेट में बेहतर

# ऑस्ट्रेलिया जीता, स्कॉटलैंड की हार से सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड

एजेंसी ⏭ ग्रॉस आइलेट

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर-8 में जगह पक्की की। बेहतर रनरेट के कारण ग्रुप बी के सभी मैचों के बाद इंग्लैंड दूसरे नंबर पर रहा, जबकि स्कॉटलैंड ने तीसरे स्थान पर फिनिश किया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया।



### पाक ने आयरलैंड को हराकर जीत से अभियान खत्म किया

**लॉडरहिल (भाषा)।** पाकिस्तान ने शाहीन शाह अफरीदी की अगुआई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम की नाबाद 32 रन की पारी से रविवार को यहां टी20 विश्व कप के बेमानी ग्रुप मैच में आयरलैंड को तीन विकेट से हराकर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने शानदार गेंदबाजी से आयरलैंड को 20 ओवर में नौ विकेट पर 106 रन ही बनाने दिये। पर आयरलैंड ने भी अपने गेंदबाजों की बदौलत यह लक्ष्य पाकिस्तान के लिए चुनौतीपूर्ण बना दिया जिसने 18.5 ओवर में सात विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की। आजम (34 गेंद में दो चौके) अंत तक क्रीज पर रहे जबकि शाहीन शाह अफरीदी ने पांच गेंद में दो छक्के से नाबाद 13 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो गयी थीं जिससे यह ग्रुप मैच केवल औपचारिकता भरा था। आयरलैंड की टीम ग्रुप में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी। आयरलैंड के लिए बैरी मैकार्थी ने चार ओवर में एक मेडन से 15 रन देकर तीन विकेट झटके।

### इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

*नॉर्थ साउंड। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 41 रन से हराकर टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए नामीबिया के खिलाफ जीत जरूरी थी लेकिन लगातार बारिश होने के कारण एक समय उसकी उम्मीद धूमिल पड़ती नजर आ रही थी। आखिर में तीन घंटे की देरी के बाद मैच शुरू करने का फैसला किया गया और इसे 11 ओवर का कर दिया गया। बीच में बारिश आने के कारण मैच 10 ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 122 रन बनाए। नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 126 रन बनाने का लक्ष्य मिला लेकिन उसकी टीम तीन विकेट पर 84 रन ही बना पाई।*



### नेपाल पर जीत से अगले दौर में जगह बनाने उतरेगा बांग्लादेश



**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा।

## महिला टीम 5वें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली।









## तीरंदाज अंकिता भगत ने हासिल किया व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा



एजेंसी ⏭ अंताल्या

भारतीय तीरंदाज अंकिता भगत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया। नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है।

धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था।

इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 (24-26, 25-25, 28-20, 25-25, 27-25) और मिकाएला मोशे को 7-3 (28-25, 25-27, 27-27, 28-25, 26-25) से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

## लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी, जीता रजत पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था।






### रंधावा लीजेंड्स टूर के क्वार्टर में हारे

**हर्टफोर्डशर।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25